# मासिक जी.के. डाइजेस्ट

जुलाई 2022



# मंथली डाइजेस्ट

## जुलाई-2022

**प्रिय पाठकों,**

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**जुलाई - 2022**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. **विश्व बैंक** ने भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के संवर्धन तथा समर्थन के लिए 500 मिलियन डॉलर के दो पूरक ऋणों को मंजूरी दी।
   **नोट:** यह 1 बिलियन डॉलर का वित्तपोषण भारत के प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM) का समर्थन करेगा। यह योजना अक्टूबर 2021 में शुरू की गई थी।
2. ICICI सिक्योरिटीज द्वारा लॉन्च किए गए लर्निंग ऐप का नाम **ICICI डायरेक्ट आईलर्न** है।
   **नोट:** इसका उद्देश्य ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों तथा बाजार संबंधी विषय सीखने में आसान पहुंच प्रदान करना है। इस ऐप के साथ ग्राहकों को उनके निवेश में बेहतर सहायता प्राप्त होगी।
3. बीमा कंपनी लिमिटेड **मैक्स लाइफ** ने एक स्मार्ट समाधान, 'इंस्टा कन्फर्मेशन ऑफ इंश्योरेंस (इंस्टा-COI)'+ लॉन्च किया।
   **नोट:** उद्देश्य: 'मैक्स लाइफ स्मार्ट फिक्स्ड-रिटर्न डिजिटल प्लान' खरीदने वाले ग्राहकों की सहायता। यह मैक्स लाइफ वेबसाइट या पॉलिसीबाजार प्लेटफॉर्म पर एक नॉन-लिंक्ड, गैर-सहभागी, व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत योजना है।
4. भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 के 11.9% की तुलना में मार्च 2022 में बैंक जमा वृद्धि **10%** दर्ज की गई।
   **नोट:** 2021-22 के दौरान चालू, बचत तथा सावधि जमा में क्रमश: 10.9%, 13.3% और 7.9% की वृद्धि हुई है। चालू खाता एवं बचत खाता (CASA) जमाओं का भाग पिछले कुछ वर्षों से बढ़ रहा है और मार्च 2022 में यह 44.8% जबकि तीन वर्ष पहले 41.7% था।
5. **एक्सिस बैंक** ने बैंक ग्राहकों हेतु डाइनिंग डिलाइट्स लॉन्च करने के लिए ईज़ीडिनर के साथ साझेदारी की।
   **नोट:** यह पूरे भारत तथा दुबई में 10,000 से अधिक प्रीमियम रेस्तरां का विकल्प प्रदान करता है। इसमें भारत और दुबई में चुनिंदा प्रीमियम रेस्तरां में विशिष्ट क्रेडिट कार्ड पर 40% की छूट है।
6. 'आदित्य बिड़ला SBI कार्ड' क्रेडिट कार्ड द्वारा **वीजा** प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा।
   **नोट:** SBI कार्ड ने 'आदित्य बिड़ला SBI कार्ड' नामक क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने हेतु आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की। यह एक रिवार्ड युक्त क्रेडिट कार्ड है, जिसे वीज़ा प्लेटफॉर्म पर दो वेरिएंट में लॉन्च किया गया है - 'आदित्य बिड़ला SBI कार्ड सिलेक्ट' और 'आदित्य बिड़ला SBI कार्ड'।
7. CRISIL के अनुसार, FY23 में भारत के लिए वास्तविक GDP विकास दर **7.3%** है।
   **नोट:** कारण: तेल की ऊंची कीमतों में गिरावट, निर्यात मांग में कमी तथा उच्च मुद्रास्फीति। RBI ने इस वित्तीय वर्ष हेतु 7.2% वास्तविक GDP विकास का भी अनुमान लगाया है।
8. भारतीय छात्रों को यात्रा बीमा प्रदान करने के लिए **एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस** ने अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ समझौता किया।

**नोट:** यह चिकित्सा, ठहरने, यात्रा असुविधा से संबंधित कवर, आपात स्थिति तथा नुकसान से पूर्ण कवरेज प्रदान करता है। छात्र विश्वविद्यालयों से अपनी जरूरतों तथा आवश्यकताओं के अनुसार अपनी योजना को अनुकूलित भी कर सकते हैं।

9. जून 2022 में सरकार द्वारा **1,44,616 करोड़ रुपये** GST संग्रहित किया गया।

   **नोट:** जून 2021 में संग्रह 92,800 करोड़ रुपये था। अप्रैल 2022 के 1,67,540 करोड़ रुपये के संग्रह के बाद यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है।

10. **अधीनीकरण या नियंत्रण अधिग्रहण और भुगतान क्रियाकलापों की बिक्री या हस्तांतरण** में गैर-बैंक भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों (PSO) को RBI से अनुमति की आवश्यकता होगी ।

    **नोट:** पूर्ण विवरण प्राप्त होने के बाद RBI 45 दिनों के भीतर उत्तर देगी। अधिकृत गैर-बैंक PSO को 15 दिनों के भीतर DPSS, CO, RBI को सूचित करना चाहिए।

11. RBI ने **कोटक महिंद्रा बैंक** पर नियामक अनुपालन में खामियों के लिए 1.05 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

    **नोट:** RBI ने इंडसइंड बैंक पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। कोटक महिंद्रा बैंक स्टॉक ब्रोकरों को अग्रिमों पर मार्जिन बनाए रखने, अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन की राशि को ग्राहकों के खाते में जमा करने में विफल रहा है।

12. **पश्चिम बंगा ग्रामीण बैंक** ने SBI लाइफ के उत्पाद पेश करने के लिए SBI लाइफ इंश्योरेंस के साथ एक बैंकएश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

    **नोट:** उत्पाद: संपत्ति सृजन, क्रेडिट लाइफ, वार्षिक वृत्ति तथा बचत उत्पाद।

13. **मुथूट फाइनेंस** को देश भर में 150 नई शाखाएं खोलने के लिए RBI से मंजूरी मिली।

    **नोट:** इस मंजूरी से कंपनी को अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने में मदद मिलेगी। मुथूट फाइनेंस ने ऋण को अधिक सुलभ तथा आसानी से प्राप्ति योग्य बनाने के उद्देश्य से पूरे दक्षिण भारत में अपनी घर-घर सेवा गोल्ड लोन@होम का विस्तार किया है।

14. **एडलवाइस** जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने एक व्यापक मोटर बीमा उत्पाद SWITCH लॉन्च किया।

    **नोट:** यह उत्पाद बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) की सैंडबॉक्स पहल के तहत लॉन्च किया गया था। SWITCH एक डिजिटल मोबाइल टेलीमैटिक्स-आधारित मोटर पॉलिसी है

15. केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB), सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं (PSI) तथा वित्तीय संस्थानों (FI) में पूर्णकालिक निदेशकों तथा गैर-कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति के लिए **वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB)** इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया है।

    **नोट:** इस नई इकाई का नेतृत्व दो वर्ष के लिए बैंक बोर्ड ब्यूरो के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप शर्मा करेंगे। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट समिति ने FSIB की स्थापना को मंजूरी दी है।

16. **SBI जनरल इंश्योरेंस** ने व्यक्तियों के लिए साइबर वॉल्टएज बीमा योजना शुरू की।

    **नोट:** यह व्यापक साइबर बीमा कवर साइबर हमलों तथा जोखिमों से होने वाली वित्तीय हानि से सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें अनधिकृत ई-लेन-देन, चोरी की पहचान से होने वाली मजदूरी हानि तथा ऑनलाइन प्रतिष्ठा को प्रभावित करने वाले मामले शामिल हैं।

17. **साउथ इंडियन बैंक** ने केरल के वन एवं वन्यजीव विभाग के साथ पूरे राज्य में पारिस्थितिकी पर्यटन केंद्रों, वनश्री दुकानों, मोबाइल वनश्री इकाइयों और इको-शॉप पर डिजिटल भुगतान संग्रह को सक्षम बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

    **नोट:** इस साझेदारी की मदद से साउथ इंडियन बैंक की डिजिटल संग्रहण प्रणाली अब वन विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी 124 पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध होगी।

18. IRDAI ने जनरल इंश्योरेंस प्रदाता को **मोटर बीमा** के जनरल इंश्योरेंस के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम ऐड-ऑन शुरू करने की अनुमति दी।

**नोट:** ऐड-ऑन हैं: दोपहिया तथा निजी कारों के एक ही व्यक्ति से संबंधित वाहन के लिए पे-एज़-यू-ड्राइव, पे-हाउ-यू-ड्राइव तथा फ्लोटर पॉलिसी। उद्देश्य: यह मोटर बीमा को अधिक किफायती बनाएगा, विशेषकर उन ग्राहकों के लिए जो मुख्यत: केवल थर्ड-पार्टी (TP) बीमा का विकल्प चुनते हैं तथा OD कवर के लाभों को अनदेखा करते हैं।

19. **HDFC लिमिटेड** ने सॉफ्टवेयर फर्म 'सेल्सफोर्स' की विकास प्राथमिकताओं का समर्थन करने के लिए उसके साथ साझेदारी की।

**नोट:** HDFC, सेल्सफोर्स सहित बैकएंड तथा फ्रंटएंड सिस्टम को जोड़ने के लिए इंटीग्रेशन बैकबोन की अगली पीढ़ी का निर्माण करेगी। म्यूलसॉफ्ट (सॉफ्टवेयर कंपनी) अपने API निर्देशित एकीकरण दृष्टिकोण तथा निम्न कोड एकीकरण क्षमताओं के साथ HDFC को कनेक्टिंग सिस्टम के इर्द-गिर्द शीघ्र नवप्रवर्तन में मदद करेगी।

20. पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने 'PNB रक्षक प्लस' के लिए **भारतीय वायु सेना** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** इस योजना में रक्षा बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राज्य पुलिस बल, मेट्रो पुलिस तथा सेवानिवृत्त रक्षा पेंशनभोगियों के सेवारत, सेवानिवृत्त तथा प्रशिक्षुओं के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, हवाई दुर्घटना बीमा शामिल है। मृत्यु कवर- व्यक्तिगत दुर्घटना: 50 लाख रुपये; हवाई दुर्घटना बीमा: 100 लाख रुपये।

21. **मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी** ने स्मार्ट कैपिटल गारंटी सॉल्यूशन लॉन्च किया, जो तीन लाभों को एकीकृत करने वाला एक जीवन बीमा उत्पाद समाधान है।

**नोट:** यह उत्पाद मैक्स लाइफ स्मार्ट वेल्थ प्लान और मैक्स लाइफ फ्लेक्सी वेल्थ एडवांटेज प्लान के लाभों के साथ लॉन्च किया गया है। यह अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा के साथ परिपक्वता पर भुगतान किए गए प्रीमियम पर गारंटी के साथ-साथ बाजार संबद्ध रिटर्न के माध्यम से संपत्ति सृजन पेश करेगा।

22. RBI ने नियामक अनुपालन में खामियों को लेकर किस बैंक पर 5.72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया _________ **फेडरल बैंक।**

**नोट:** RBI ने अपने ग्राहक को जानो (KYC) मानदंडों के कुछ प्रावधानों एवं RBI द्वारा जारी 'बैंकों में अनुपालन कार्य' संबंधी निर्देशों का अनुपालन न करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया पर 70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।RBI ने KYC मानदंडों का पालन न करने के लिए धनी लोन्स एंड सर्विसेज लिमिटेड, गुरुग्राम पर 7.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

23. रेजरपे, पाइन लैब्स, स्ट्राइप के साथ **1पे** संगठन को पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से सैद्धांतिक मंजूरी मिली।

**नोट:** पेमेंट एग्रीगेटर: ऐसी संस्थाएं जो ई-कॉमर्स साइटों तथा व्यापारियों को ग्राहकों से विभिन्न भुगतान साधन स्वीकार करने में सक्षम बनाती हैं। वे व्यापारियों को अधिग्रहीता से जुड़ने की अनुमति देते हैं। इस प्रक्रिया में, वे ग्राहकों से भुगतान प्राप्त करते हैं, इकट्ठा करते हैं तथा उन्हें एक समयावधि के बाद व्यापारियों को हस्तांतरित करते हैं।

24. एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) ने **अबू धाबी** शहर में एक अंतरिम परिचालन केंद्र की स्थापना को मंजूरी दी।

**नोट:** यह केंद्र AIIB को उसके बढ़ते निवेश पोर्टफोलियो के प्रभावी पर्यवेक्षण को सक्षम करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। भारत चीन के बाद AIIB में दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। कारण: UAE को बैंक के 105 में से अनेक सदस्यों के साथ उसकी कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए स्थान के रूप में चुना गया था।

25. **SBI** बैंक ने कर्नाटक के नवोदित स्टार्टअप्स को संपार्श्विक-मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (KDEM) के साथ साझेदारी की।

**नोट:** उद्देश्य: मौजूदा क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल इंटरप्राइजेज़ (CGTMSE) का लाभ

उठाना, जिसे केंद्र द्वारा MSE क्षेत्र में ऋण प्रवाह में सुधार हेतु स्थापित किया गया है। CGTMSE का उपयोग SBI द्वारा KDEM के एलिवेट कार्यक्रम के तहत स्वीकृत स्टार्टअप्स को 2 करोड़ रुपये तक के संपार्श्विक-मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

26. बैंक ऑफ बड़ौदा ने उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड में 'बड़ौदा जन धन प्लस' कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने हेतु **वूमन्स वर्ल्ड बैंकिंग** संगठन के साथ साझेदारी की।
**नोट:** इस चरण में, कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता शिविरों के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मौजूदा जन धन ग्राहकों तक पहुंचेगा। बड़ौदा जन धन प्लस महिला खाताधारकों को पांच महीने के लिए 500 रुपये मासिक जमा करके पैसे बचाने तथा 10,000 रुपये तक की PMJDY ओवरड्राफ्ट ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

27. **एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड** ने फोकस्ड इक्विटी फंड के लिए एक न्यू फंड ऑफर (NFO) लॉन्च किया।
**नोट:** यह निवेश के तीन प्रमुख अवसरों - (1) ब्रांड, (2) मार्केट शेयर गेनर, और (3) इनोवेटर्स में व्याप्त 25-30 शेयरों में निवेश करेगी। फंड का प्रबंधन त्रिदीप भट्टाचार्य तथा अभिषेक गुप्ता करेंगे।

28. **RBI** ने घरेलू व्यापारियों के लिए आयात तथा निर्यात का निपटान रुपये में करने के लिए एक प्रणाली की घोषणा की।
**नोट:** यह प्रणाली भारत से होने वाले निर्यात पर जोर देने के साथ वैश्विक व्यापार वृद्धि को बढ़ाएगी और घरेलू मुद्रा में वैश्विक व्यापारिक समुदाय की बढ़ती रुचि का समर्थन करेगी। यह निर्णय डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद लिया गया।

29. SBI की सहायक कंपनी **SBICAP वेंचर्स लिमिटेड** ने त्रिपक्षीय विकास सहायता कोष (TDC फंड) की स्थापना के लिए विदेश मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** TDC फंड ग्लोबल इनोवेशन डेवलपमेंट फंड (GIP फंड) में भारत की लगभग 175 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता को पूरा करने में मदद करता है। यूके तथा भारत ने GIP तथा त्रिपक्षीय विकास सहायता कोष शुरू करने के लिए साझेदारी की है।

30. **टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** ने सिटी यूनियन बैंक के साथ रणनीतिक गठबंधन के लिए करार किया।
**नोट:** उद्देश्य: बैंक के उपभोक्ताओं को जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करना। इस साझेदारी की सहायता से, सिटी यूनियन बैंक के उपभोक्ताओं (वर्तमान एवं नए) को टाटा एआईए लाइफ के अवधि बीमा, बचत एवं निवेश तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विस्तारित विविध तथा अभिनव उत्पादों और सेवाओं का लाभ मिलेगा।

31. पुनर्बीमा सहायता में गैर-जीवन तथा जीवन बीमा उद्योगों के सामने आने वाली समस्याओं का अध्ययन करने के लिए **IRDAI** संगठन ने दो टास्क फोर्स का गठन किया है।
**नोट:** पुनर्बीमा सहायता: इसका तात्पर्य बीमा कंपनियों द्वारा आर्थिक उत्तरदायित्व वाले जोखिम के एक भाग को अन्य फर्मों को हस्तांतरित करने से है। गैर-जीवन बीमा: भार्गव दासगुप्ता (ICICI लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के MD एवं CEO) अध्यक्ष; नौ सदस्य जीवन बीमा: नवीन तहिलयानी (टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के MD एवं CEO) अध्यक्ष; सात सदस्य

32. **सिटी यूनियन बैंक (CUB)** ने अपनी शाखाओं के माध्यम से श्रीराम जनरल इंश्योरेंस के बीमा उत्पादों को वितरित करने के लिए उसके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** इसके तहत, श्रीराम जनरल इंश्योरेंस, बैंक के ग्राहकों को व्यक्तिगत बीमा उत्पादों जैसे मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना, आवास तथा यात्रा के साथ-साथ संपत्ति, समुद्री तथा अभियांत्रिकी बीमा जैसे व्यावसायिक बीमा उत्पाद प्रदान करेगा।

33. **इंडिया मॉर्गेज गारंटी कॉर्पोरेशन** ने वेतनभोगी तथा गैर-वेतनभोगी ग्राहकों को बंधक प्रत्याभूति समर्थित आवास ऋण उत्पाद प्रदान करने के लिए RBL बैंक के साथ एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** यह साझेदारी RBL बैंक को अपने नेटवर्क के माध्यम से नए ऋण ग्राही वर्गों के लिए बंधक प्रत्याभूति-समर्थित आवास ऋण का विस्तार करने में मदद करेगी। यह ग्राहकों के लिए आवास ऋण का समय पर वितरण तथा दीर्घावधि सुनिश्चित करके एक अनुकूल ऋण परिदाय वातावरण बनाने में भी मदद करेगी।

**34.** ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य बीमा की पैठ बढ़ाने के लिए **स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** ने इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन सामान्य सेवा केंद्रों (CSC) के साथ साझेदारी की।

**नोट:** उद्देश्य: स्टार हेल्थ के बीमा उत्पादों की एक चुनिंदा श्रृंखला तक 5 लाख से अधिक CSC को पहुंच प्रदान करना। उत्पादों को पूरे भारत में टियर-II, टियर-III शहरों तथा ग्रामीण बाजारों में ग्रामीण ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

**35.** NBFC-MFI आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज के डिजिटल लेंडिंग ऐप **अपना आरोहण**, जो डिजिटल मोड के माध्यम से पुनर्भुगतान तथा अन्य लेनदेन करने के लिए ग्राहकों हेतु शुरू किया गया था।

**नोट:** यह MFI के ऋण अधिकारियों के साथ भौतिक अन्योन्य क्रिया को कम करता है। AI-चालित ऐप वित्त वर्ष 2023 के अंत तक बकाया पोर्टफोलियो को 4,500 करोड़ रुपये (जून 2022) से बढ़ाकर 5,100 करोड़ रुपये करने में मदद करेगा।

**36.** एग्री-टेक स्टार्टअप **nurture.farm** ने किसानों के लिए अपने बीमा समाधानों के विस्तार हेतु SBI जनरल इंश्योरेंस तथा फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के साथ साझेदारी की।

**नोट:** nurture.farm उत्पादकों, कृषक समुदायों तथा खाद्य प्रणालियों के लिए एक खुला डिजिटल प्लेटफॉर्म है। लागत प्रभावी मूल्य बिंदुओं पर किसानों को नवीन बीमा समाधानों तक पहुंच में सहायता प्रदान करने के लिए nurture.farm को सक्षम बनाने हेतु कंपनी ने हाल ही में IRDAI से एक कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त किया था।

**37.** जून 2022 महीने के लिए भारत का थोक मूल्य सूचकांक (WPI) **15.18% (अनंतिम)** था।

**नोट:** उच्च मुद्रास्फीति दर का कारण: खनिज तेलों, खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातुएं, रसायन तथा रासायनिक उत्पादों, खाद्य उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि। ईंधन तथा विद्युत श्रेणी: सूचकांक जून में 0.65% बढ़कर 155.4 हो गया। यह लगातार 15वें महीने दहाई अंक में रहा।

**38.** **बैंक इंडोनेशिया** अंतर्राष्ट्रीय बैंक ने आपसी सहयोग में सुधार के लिए RBI के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए

**नोट:** इस MoU के साथ, RBI और BI दो केंद्रीय बैंकों के बीच संबंधों को मजबूत करने और केंद्रीय बैंकिंग के क्षेत्र में सूचना एवं सहयोग के आदान-प्रदान को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें भुगतान प्रणाली, भुगतान सेवाओं में डिजिटल नवाचार और एक नियामक एवं पर्यवेक्षी फ्रेमवर्क शामिल है।

**39.** IT विभाग के नए ई-फाइलिंग पोर्टल के साथ तकनीकी एकीकरण पूरा करने और पोर्टल के साथ पूर्णतया एकीकृत होने वाला पहला निजी बैंक **कोटक महिंद्रा बैंक** है।

**नोट:** इसके ग्राहक अब पोर्टल पर ई-पे टैक्स टैब के माध्यम से अपने प्रत्यक्ष करों का भुगतान कर सकते हैं। यह ग्राहकों के लिए कर भुगतान प्रक्रिया को सरल, त्वरित तथा सुविधाजनक बना देगा।

**40.** इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने ब्लॉकचैन एवं क्रिप्टो एसेट्स काउंसिल बंद करने का निर्णय लिया। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का मुख्यालय **मुंबई** में है।

**नोट:** इसके साथ, IAMAI भारत में काम करने वाले क्रिप्टो-एक्सचेंजों का प्रतिनिधित्व नहीं करेगी। IAMAI ने BACC का निर्माण किया तथा चार वर्ष तक विकास का काम देखा।

**41.** जून 2022 में दर्ज किया गया भारत का वस्तु व्यापार घाटा **26.1 बिलियन डॉलर** का है।

**नोट:** कारण: निरंतर वैश्विक कमोडिटी सुपरसाइकिल ने प्रमुख ऊर्जा तथा धातु आयात की कीमतों को ऊंचा

रखा। जून 2022 में निर्यात 23.5% बढ़कर 40.13 बिलियन डॉलर और आयात 57.5% बढ़कर 66.31 बिलियन डॉलर हो गया।

42. **DBS** बैंक को 2018 के बाद दूसरी बार यूके स्थित प्रमुख वित्तीय प्रकाशन यूरोमनी द्वारा 2022 वैश्विक सर्वश्रेष्ठ SME बैंक से सम्मानित किया गया।

**नोट:** DBS बैंक ने यूरोमनी अवार्ड्स में पहली बार तीन पुरस्कार जीते (1) वर्ल्ड्स बेस्ट फाइनेंशियल इनोवेशन ऑफ द ईयर 2022, (2) 'एशियास बेस्ट बैंक फॉर वेल्थ मैनेजमेंट 2022', (3) 'एशियास बेस्ट बैंक फॉर SME अवार्ड 2022'। वर्ल्ड्स बेस्ट बैंक फॉर 2022: बैंक ऑफ अमेरिका वर्ल्ड्स बेस्ट इन्वेस्टमेंट बैंक 2022: गोल्डमैन सैक्स

43. **कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस** ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक के साथ बीमा नवीनीकरण के लिए स्वचालित वाहन निरीक्षण शुरू किया है।

**नोट:** कंपनी ने वाहन निरीक्षण प्रक्रिया को स्वचालित करने के लिए इनस्पेक्टलैब्स (Inspektlabs) के साथ साझेदारी की है। उद्देश्य: नवीनीकरण प्रक्रिया के साथ-साथ धोखाधड़ी का पता लगाने में मदद करना और बीमालेखन प्रक्रिया में सहायता करना। पॉलिसी नवीनीकरण प्रक्रिया के दौरान, ग्राहक अपने वाहन की तस्वीरें या वीडियो लेकर उन्हें क्लाउड-आधारित ऐप पर अपलोड कर सकते हैं।

44. जनरल इंश्योरेंस कंपनी, **गो डिजिट** ने मोटर बीमा ओन डैमेज पॉलिसियों 'पे ऐज यू ड्राइव' के लिए एक ऐड-ऑन फीचर लॉन्च किया।

**नोट:** जो ग्राहक प्रति वर्ष औसतन 10,000 किमी से कम ड्राइव करते हैं, उन्हें अब इस ऐड-ऑन के साथ कम भुगतान करना होगा। डिजिट यह छूट (25% तक) प्रदान करने के लिए ओडोमीटर रीडिंग, टेलीमैटिक्स डेटा और वार्षिक किलोमीटर का उपयोग करेगा। IRDAI ने जनरल इंश्योरेंस कंपनियों को मोटर OD पॉलिसियों में इस तरह की तकनीक-सक्षम अवधारणाएं शुरू करने की अनुमति दी है।

45. SBI के अध्ययन के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 और 2021-22 के बीच पूरे भारत में किसानों की औसत आय में वृद्धि **1.3 -1.7 गुना** है।

**नोट:** संबद्ध तथा गैर-कृषि क्षेत्र से आय: 1.4-1.8 गुना (वृद्धि), कुछ फसलें जैसे महाराष्ट्र में सोयाबीन और कर्नाटक में कपास, से आय इसी समय के दौरान वास्तव में दोगुनी हो गई है। अध्ययन प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित है, जिसमें कृषि प्रधान शाखाओं से विभिन्न फसलों के बारीक आंकड़े दिए गए हैं और किसानों की आय परिवर्तन का विश्लेषण करते हैं।

46. मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, FY23 के लिए भारत की वास्तविक GDP वृद्धि **7.2%** है।

**नोट:** यह भी अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 24 के लिए GDP वृद्धि 6.4% तक कम हो जाएगी, यह पहले के अनुमान की तुलना में 0.30% कम है।

47. RBI की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में **खाड़ी सहयोग परिषद क्षेत्र** से भारत में धन विप्रेषण के अंश में कमी आई है।

**नोट:** प्रेक्षण: धीमी प्रवासन गति तथा अनौपचारिक क्षेत्रों में भारतीय प्रवासी जनसमूह की उपस्थिति जो महामारी की अवधि के दौरान सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। लेख: 'हेडविंड्स ऑफ कोविड-19 एंड इंडियाज़ इनवर्ड रेमिटेंसेस', यूएस, यूके तथा सिंगापुर धन विप्रेषण के महत्वपूर्ण स्रोत देश हैं (2020-21 में कुल धन विप्रेषण का 36% यहीं से आया)।

48. भारत सरकार ने "जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल इंस्ट्रूमेंट्स" को **प्रतिभूति** के रूप में घोषित किया है।

**नोट:** जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल इंस्ट्रूमेंट: अलाभकारी संगठन द्वारा जारी किया गया एक साधन, जो किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के सोशल स्टॉक एक्सचेंज खंड में पंजीकृत होगा। ये भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगे। सोशल स्टॉक एक्सचेंज: निजी तथा गैर-लाभकारी क्षेत्र के प्रदाताओं को अधिक पूंजी देकर उनकी मदद करना।

**49. रायगढ़ सहकारी बैंक** पर RBI ने छह महीने की अवधि के लिए प्रति ग्राहक 15,000 रुपये की निकासी सीमा निर्धारित की है।

**नोट:** कारण: ऋणदाता की वित्तीय स्थिति खराब होना। RBI ने श्री छत्रपति राजर्षि साहू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर 'धोखाधड़ी-वर्गीकरण तथा प्रतिवेदन' से संबंधित उपबंधों के उल्लंघन के लिए 6 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

**50. भारतीय स्टेट बैंक** ने अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग को आसान बनाने हेतु अपनी व्हाट्सएप्प बैंकिंग सेवाएं शुरू की हैं।

**नोट:** SBI के ग्राहक व्हाट्सएप पर अपने खाते की शेष राशि पता कर सकते हैं तथा मिनी स्टेटमेंट देख सकते हैं। यह व्हाट्सएप बैंकिंग सेवाएं ग्राहकों को तब मिलेंगी जब वे 919022690226 नंबर पर 'Hi' मैसेज भेजेंगे।

**51.** 100 करोड़ रुपये से अधिक जमा वाले शहरी सहकारी बैंकों (UCB) के लिए संशोधित न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता अनुपात (CAR) **12% है।**

**नोट:** इसने उन UCB के लिए चरणों में संशोधित CAR मानदंड की पूर्ति हेतु मार्च 2026 तक एक मार्ग प्रदान किया है जो वर्तमान में इसे पूरा नहीं करते हैं। यह एन.एस. विश्वनाथन (पूर्व डिप्टी गवर्नर) की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों पर आधारित है। इसने टियर-1 बैंकों (100 करोड़ रुपये तक की जमाराशि) हेतु न्यूनतम CAR मानदंड को 9% पर अपरिवर्तित रखा है।

**52. स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक** ने कार्ड धारकों को तत्काल छूट तथा रिवॉर्ड प्वाइंट सहित विशेष यात्रा लाभ प्रदान करने के लिए ईज़माईट्रिप के साथ एक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है।

**नोट:** यह क्रेडिट कार्ड ईज़माईट्रिप से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय होटल बुकिंग पर फ्लैट 20% छूट, घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट बुकिंग पर फ्लैट 10% छूट प्रदान करता है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के CEO: बिल विंटर्स; मुख्यालय: लंदन; ईज़माईट्रिप मुख्यालय: नई दिल्ली।

**53. इंडसइंड बैंक** के बोर्ड ने अपने कारोबार वृद्धि के लिए निजी नियोजन के आधार पर 20,000 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

**नोट:** 31 मार्च को, बैंक के जोखिम-भारित परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में उसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 18.42% (टियर- I पूंजी 16.80% और टियर- II पूंजी 1.62% पर) था। निधि संग्रह योजना इसके शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

**54. तमिलनाडु** राज्य ने सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निधि समुपयोग के मामले में राज्यों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**नोट:** तमिलनाडु ने केंद्र द्वारा जारी 4333 करोड़ रुपये में से 3932 करोड़ रुपये, उत्तर प्रदेश ने 3142 करोड़ रुपये में से 2699 करोड़ रुपये उपयोग किए। 8 जुलाई 2022 को, केंद्र ने 100 स्मार्ट शहरों के लिए 30,751.41 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिसमें से 27,610.34 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा चुका है। स्मार्ट सिटीज मिशन शुरुआत: 25 जून, 2015.

**55.** एशियाई विकास बैंक (ADB) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए भारत का आर्थिक विकास पूर्वानुमान **7.2% है।**

**नोट:** दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए: 2022 के पूर्वानुमान को 7% से घटाकर 6.5% किया; 2023 के लिए इसे 7.4% से कम करके 7.1% किया। श्रीलंका में आर्थिक संकट, भारत में उच्च मुद्रास्फीति और संबंधित मौद्रिक सख्ती।

**56. RBI** ने FX ग्लोबल कोड के प्रति अपने प्रतिबद्धता विवरण को नवीनीकृत किया है, जो दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा तैयार सर्वोत्तम बाजार कार्यपद्धति का संकलन है।

**नोट:** इसे ग्लोबल FX कमेटी (GFXC) द्वारा प्रत्येक क्षेत्राधिकार में स्थानीय FX कमेटी (LFXC) के समन्वयन में लागू किया गया। FX ग्लोबल कोड बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के अधीन विकसित किया गया है।

**57.** न्यू डेवलपमेंट बैंक ने भारत, ब्राजील तथा चीन में जल, स्वच्छता, पर्यावरणीय पर्यटन एवं परिवहन के लिए

**875 मिलियन अमेरिकी डॉलर** की धनराशि स्वीकृत की है।

**नोट:** ब्राजील: जल आपूर्ति एवं सीवेज संग्रहण के लिए $300 मिलियन; भारतः मेघालय इकोटूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए $79 मिलियन। चीन: लान्झोउ झोंगचुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए EUR 265 मिलियन और शीआन जियांयांग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए RMB 805 मिलियन।

**58.** साईंबाबा जनता सहकारी बैंक, महाराष्ट्र की बिगड़ती वित्तीय स्थिति के कारण RBI ने बैंक पर **20,000 रुपये** की राशि की निकासी सीमा पर प्रतिबंध लगाया है।

**नोट:** RBI ने सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पश्चिम बंगाल, यूनाइटेड इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बिजनौर (उप्र) और नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बहराइच (उप्र) पर भी प्रतिबंध लगाया है। निकासी सीमा: सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑपरेटिव: 50,000 रुपये; नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव: 10,000 रुपये।

**59.** केनरा बैंक द्वारा लॉन्च किए गए मोबाइल ऐप का नाम **केनरा ai1** है।

**नोट:** यह 11 भाषाओं में उपलब्ध है और समाज के कई वर्गों की पसंदीदा भाषा में उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। विशेषताएं: कई थीम तथा विशिष्ट मेनू के साथ सहज UI तथा UX जिसे उपयोगकर्ता की पसंद के अनुसार वैयक्तीकृत किया जा सकता है। सुरक्षा विशेषताएं: सुरक्षित बैंकिंग प्रदान करने के लिए डिवाइस बाइंडिंग, मैलवेयर डिटेक्शन, रिमोट एडमिनिस्ट्रेशन टूल्स डिटेक्शन और एक डायनेमिक कीबोर्ड।

**60.** **बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस** ने अपना एड-ऑन मोटर इंश्योरेंस कवर 'पे ऐज यू कंज्यूम' (PAYC) लॉन्च करने की घोषणा की है।

**नोट:** यह एक उपयोग-आधारित मोटर बीमा ऐड-ऑन कवर है, जिसे ग्राहक द्वारा पैकेज उत्पाद, बंडल और स्टैंडअलोन ओडी कवर के अंतर्गत बुनियादी ओन डैमेज (OD प्लान) के साथ चुना जा सकता है। ग्राहक अपने वाहन उपयोग के आधार पर कवरेज का चयन कर सकते हैं, जिसके बाद प्रीमियम की गणना की जाएगी, अर्थात वार्षिक किलोमीटर परिचालन।

**61.** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार **572.7 बिलियन डॉलर** है।

**नोट:** यह 15 जुलाई, 2022 को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान 7.5 बिलियन डॉलर गिर गया। कारण: यह मुख्यत: विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों के कारण है जो $6.5 बिलियन गिर गई थीं। विदेशी मुद्रा बाजार में उच्च अस्थिरता को रोकने के लिए केंद्रीय बैंक के आक्रामी हस्तक्षेप के कारण 2022 में भंडार में लगभग 60 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है।

**62.** **सिटी यूनियन बैंक** ने देश भर में आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (ABHICL) के शाखा नेटवर्क के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के वितरण के लिए कंपनी के साथ बैंकएश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** CUB ने स्टार हेल्थ और एलायंस इंश्योरेंस, और केयर हेल्थ (जिसे पहले रेलिगेयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के नाम से जाना जाता था) के साथ बैंकएश्योरेंस समझौते पर पहले ही हस्ताक्षर किए हैं। CUB ने रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस के साथ भी बैंकएश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

**63.** **HDFC सिक्योरिटीज लिमिटेड** ने अपने ग्राहकों को डीमैट खाते, और ब्रोकिंग तथा निवेश सेवाएं प्रदान करने के लिए इक्विटास SFB के साथ साझेदारी की है।

**नोट:** इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक HDFC सिक्योरिटीज की सेवाओं तक पहुंच स्थापित करने के लिए अपने ग्राहकों को 3-इन-1 खाते की पेशकश करेगा। इस साझेदारी के साथ, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस के ग्राहक शेयरों के क्रय एवं विक्रय और वायदा, वस्तुओं तथा मुद्राओं में व्यापार करने के लिए अपना डीमैट खाता खोल पाएंगे।

**64.** जीवन बीमा निगम (LIC) ने कंपनी में लगभग 3,882 करोड़ रुपये में **2%** प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर सन फार्मास्युटिकल्स में हिस्सेदारी कम करके 5.024% की।

**नोट:** 17 मई 2021 से 22 जुलाई, 2022 की अवधि के दौरान शेयर खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से बेचे गए। सेबी के मानदंडों के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियों को किसी संस्था में उनकी हिस्सेदारी में 2% या उससे अधिक गिरावट की स्थिति में स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित करना आवश्यक है।

**65. राजस्थान** राज्य की ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (RGAV) ने महिलाओं हेतु एक वित्तीय संस्थान स्थापित करने के लिए स्त्री निधि-तेलंगाना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** तेलंगाना के स्त्री निधि मॉडल की तर्ज पर राजस्थान में राजस्थान महिला निधि की स्थापना की जा रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के बजट 2022-23 में महिलाओं द्वारा संचालित बैंक स्थापित करने की घोषणा की थी।

66. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (FY23) के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि का पूर्वानुमान **7.4%** है।

**नोट:** IMF ने वित्त वर्ष 2024 के लिए विकास पूर्वानुमान को पहले के 6.9% से घटाकर 6.1% कर दिया है। कारण: निम्न अनुकूल बाह्य परिस्थितियां और अधिक द्रुत नीति सख्तीकरण।

**67. पिरामल एंटरप्राइजेज** ने RBI से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) व्यवसाय लाइसेंस प्राप्त किया।

**नोट:** RBI ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 IA के अधीन लाइसेंस दिया है। कंपनी को लाइसेंस 26 जुलाई, 2022 को प्राप्त हुआ। पिछले वर्ष, पिरामल एंटरप्राइजेज बोर्ड ने अपने फार्मास्यूटिकल्स कारोबार के डीमर्जर तथा कॉर्पोरेट ढांचे के सरलीकरण को मंजूरी दी थी।

**68. RBI** ने अदावी (लावारिस) जमाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अभियान शुरू किया, जिसमें अधिकतम अदावी जमाओं वाले आठ राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**नोट:** बैंकों में अदावी जमाएं वित्त वर्ष 2022 में 39,264 करोड़ रुपये से बढ़कर 48,262 करोड़ रुपये हो गई है। आठ राज्य: तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक, बिहार और तेलंगाना/आंध्र प्रदेश। यह अभियान इन आठ राज्यों की भाषाओं के साथ हिंदी तथा अंग्रेजी में शुरू किया गया है।

**69.** RBI की रिपोर्ट के अनुसार, PSB द्वारा प्रतिवेदित धोखाधड़ी के मामलों से संबंधित राशि वर्ष 2017-18 में 28,884 करोड़ रुपये से घटकर गत वित्त वर्ष में **3,204 करोड़ रुपये** रह गई है।

**नोट:** वर्ष 2018-19 में, कुल 9,092 मामले दर्ज किए गए, जिनकी कुल राशि 26,720 करोड़ रुपये थी। 2019-20 में, धोखाधड़ी की संख्या बढ़कर 11,074 हो गई, जिनका कुल मौद्रिक मूल्य 21,170 करोड़ रुपये था। इन बैंकों का सकल NPA (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां) भी 2020-21 के 6,16,616 करोड़ रुपये से घटकर 5,41,750 करोड़ रुपये हो गया।

**70.** सिंगापुर (27.01%) के बाद, **अमेरिका (17.94%)** वित्त वर्ष 2021-22 में भारत में FDI इक्विटी फ्लो के मामले में शीर्ष स्रोत देशों के रूप में उभरा है।

**नोट:** मॉरीशस (15.98%) तीसरे स्थान पर है, उसके बाद नीदरलैंड (7.86%) और स्विट्जरलैंड (7.31%) हैं। शीर्ष 5 क्षेत्र: कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर (24.60%), सेवा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल उद्योग, व्यापार एवं निर्माण (अवसंरचना) गतिविधियां। शीर्ष 5 राज्य: कर्नाटक (37.55%), महाराष्ट्र (26.26%), दिल्ली (13.93%), तमिलनाडु तथा हरियाणा।

**71.** लेन-देन के संबंध में एक वैकल्पिक प्रणाली में संक्रमण सुगमता जहां कार्डधारक लेन-देन के समय स्वयं (मैनुअली) कार्ड विवरण दर्ज करने का निर्णय लेते हैं, **गेस्ट चेकआउट ट्रांजैक्शन** कहलाता है।

**नोट:** RBI ने गेस्ट ट्रांजैक्शन चेकआउट से संबंधित कार्ड-ऑन-फाइल डेटा स्टोरेज मानदंडों में ढील दी है। अब, कार्ड जारीकर्ता तथा कार्ड नेटवर्क के अलावा, लेनदेन अदायगी में शामिल व्यापारी या उसके पेमेंट एग्रीगेटर डेटा को अधिकतम T+4 दिनों या अदायगी तिथि तक, जो भी पहले हो, सुरक्षित रख सकते हैं।

# श्रद्धांजलियां

1. पीटर ब्रुक, जिनका हाल ही निधन हो गया, वे **थिएटर एवं सिनेमा निर्देशक** क्षेत्र की एक प्रख्यात शख्सियत थे ।
   **नोट:** उनका जन्म लंदन में हुआ था और 1970 में ब्रिटेन से पेरिस चले गए। उन्हें 1966 में पीटर वीस की "मरात/सेड" की व्याख्या के लिए और 1970 में शेक्सपियर के "ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम" के प्रस्तुतिकरण के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का टोनी अवॉर्ड मिला था।
2. तरुण मजूमदार, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी **फिल्म निर्माता** थे।
   **नोट:** उन्होंने चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीता और पद्म श्री प्राप्त किया। उनके द्वारा निर्देशित पहली फिल्म उत्तम कुमार तथा सुचित्रा सेन अभिनीत चौवा पावा (1959) थी।
3. गोपीनाथन नायर का निधन हो गया, वह एक प्रसिद्ध **स्वतंत्रता सेनानी** थे।
   **नोट:** उन्होंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था तथा दैनिक जीवन में शांति एवं अहिंसा के गांधीवादी सिद्धांतों को आत्मसात किया था। उन्हें केरल महात्मा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया गया, जिसका प्रबंधन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
4. मोहम्मद बरकिंडो (नाइजीरियाई), जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **OPEC** संगठन के महासचिव थे।
   **नोट:** OPEC के प्रमुख के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल 31 जुलाई, 2022 को समाप्त होने वाला था। वह 2016 से छह वर्ष तक इस पद पर रहे। उन्होंने 1982 में नाइजीरियाई खनन निगम से अपना करियर शुरू किया, और नाइजीरियाई द्रवित प्राकृतिक गैस के डिप्टी MD भी रहे।
5. शिंजो आबे, जिनका हाल ही में निधन हो गया है, वे **जापान** देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री थे।
   **नोट:** उन्होंने 2006 में एक वर्ष और फिर 2012 से 2020 तक पद संभाला। 2020 में, उन्होंने दुर्बल आंत्र की स्थिति व्रणीय वृहदांत्र शोथ के कारण प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। वह 2014 में भारत की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बनने वाले पहले जापानी प्रधानमंत्री थे।
6. जोस एडुआर्डो डॉस सैंटोस, जिनका निधन हो गया है, वे **अंगोला** देश के पूर्व राष्ट्रपति थे।
   **नोट:** वह अफ्रीका के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले राष्ट्राध्यक्षों में से एक थे, जिन्होंने अंगोला के राष्ट्रपति के रूप में लगभग चार दशकों तक शासन किया। उन्होंने 2017 में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने महाद्वीप के सबसे लंबे गृहयुद्ध के लिए लड़ाई भी लड़ी थी और अपने देश को एक प्रमुख तेल उत्पादक बना दिया।
7. लुइस एचेवेरिया अल्वारेज़, जिनका निधन हो गया, वे **मेक्सिको** देश के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।
   **नोट:** उन्होंने एक वकील के रूप में अपना करियर प्रारंभ किया और मेक्सिको की इंस्टीट्यूशनल रिवोल्यूशनरी पार्टी के सदस्य बने। उन्होंने फरवरी 1972 में चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने की पहल भी की। उन्हें 1972 में संयुक्त राष्ट्र में राज्यों के आर्थिक अधिकार एवं कर्तव्यों के चार्टर को बढ़ावा देने के लिए भी जाना जाता था।
8. विदेश संचार निगम लिमिटेड (VSNL) के पूर्व अध्यक्ष, बृजेंद्र के. सिंघल, जिनका हाल ही में निधन हो गया, जिसे **भारतीय इंटरनेट** का जनक माना गया।
   **नोट:** सिंगल ने अपना संस्मरण "टेलीकॉम मैन: लीडिंग फ्रॉम द फ्रंट इन इंडियाज डिजिटल रेवोल्यूशन" लिखा है। उनके नेतृत्व में 15 अगस्त 1995 को VSNL ने औपचारिक रूप से भारतीय जनता के लिए इंटरनेट की शुरुआत की थी।
9. डॉ. इनैमुल हक, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **पुरातत्व** क्षेत्र से संबंधित थे।

**नोट:** वह 1973 में संग्रहालय के निदेशक बने और 1983 से 1991 तक राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक के रूप में कार्य किया। बंगाल की मूर्तिविद्या तथा टेराकोटा कला पर उनके काम के लिए उन्हें 2020 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

10. बैरी सिनक्लेयर, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **न्यूजीलैंड** के पूर्व क्रिकेट कप्तान थे।

**नोट:** वह बर्ट सटक्लिफ और जॉन आर. रीड के बाद टेस्ट क्रिकेट में 1,000 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने 1963 - 1968 के बीच न्यूजीलैंड के लिए 21 टेस्ट खेले, 1148 रन बनाए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान तथा इंग्लैंड के खिलाफ लगाए गए तीन शतक शामिल हैं।

11. अवधेश कौशल, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे प्रसिद्ध **सामाजिक कार्यकर्ता** थे।

**नोट:** उन्होंने जौनसार-बावर (देहरादून जिला) क्षेत्रों में जनजातीय पहाड़ी समुदायों के बीच विकास कार्य के लिए रूरल लिटिगेशन एंड एंटाइटलमेंट केंद्र (RLEK) की स्थापना की।उन्होंने दून घाटी के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने, देहरादून के जौनसार-बावर क्षेत्र में बंधुआ मजदूर प्रणाली को समाप्त करने तथा उपेक्षित समुदायों के अधिकारों को सुरक्षित करने सहित विभिन्न पहलों का नेतृत्व किया।

12. अच्युतन कुदल्लुर, जिनका 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, **अमूर्त कला** के लिए प्रसिद्ध थे।

**नोट:** उन्होंने कई कला कार्यक्रमों में भाग लिया और दक्षिण भारतीय समकालीन कला में एक जाना-माना नाम थे। वह राष्ट्रीय तथा तमिलनाडु राज्य ललित कला अकादमी पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं। उनका जन्म 1945 में केरल में हुआ था, लेकिन वे चेन्नई में रहते थे, और उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक किया और एक भारतीय एशियाई आधुनिक एवं समकालीन चित्रकार के रूप में विख्यात हुए।

13. भूपिंदर सिंह, जिनका 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया, एक प्रख्यात **गायक** थे।

**नोट:** उनका जन्म पंजाब के अमृतसर में हुआ था और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत आकाशवाणी से की और दूरदर्शन दिल्ली से भी जुड़े रहे। उन्होंने मोहम्मद रफी, आर.डी. बर्मन, लता मंगेशकर और बप्पी लहरी के साथ काम किया।

14. निर्मल सिंह कहलों, जिनका निधन हो गया है, **पंजाब** राज्य के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष थे।

**नोट:** वह 1997 से 2002 तक ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री रहे और 1997 तथा 2007 में गुरदासपुर जिले के फतेहगढ़ चुरियन निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए। उन्होंने 2007 से 2012 तक विधान सभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

15. प्रसिद्ध वैज्ञानिक, डॉ. अजय कुमार परिदा, जिनका निधन हो गया है, **इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज (ILS), भुवनेश्वर** के निदेशक थे।

**नोट:** विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 2014 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी काम किया।

16. अनंत यशवंत खरे, जिनका हाल ही में निधन हो गया, **मराठी** भाषा के प्रसिद्ध लेखक थे।

**नोट:** प्रसिद्ध रचना: 'अंताजीची बखर', 'बखर अंताकलाची' और 'उदया'; उन्हें 2010 में अपनी पुस्तक 'कहाणी मानव प्राण्याची' के लिए भाई माधवराव बागल पुरस्कार मिला। उन्हें ग्रंथाली, विदर्भ साहित्य संघ और लोकमंगल से सम्मानित किया गया।

17. सुशोवन बंद्योपाध्याय, जिन्हें प्यार से बंगाल के 'वन रूपी डॉक्टर' के नाम से जाना जाता है, का हाल ही में निधन हो गया है, उन्हें **वर्ष 2020** में पद्म श्री प्राप्त हुआ।

**नोट:** सर्वाधिक मरीजों के इलाज के लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। वह बोलपुर सीट से पूर्व विधायक थे और उन्होंने 1984 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के गठन के बाद वे बीरभूम जिले के अध्यक्ष बने।

18. डेविड ट्रिम्बल, जिनका हाल ही में निधन हो गया, को उत्तरी आयरलैंड में संघर्ष का अंत करने के लिए **वर्ष**

**1998** में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**नोट:** वह 1990 से 2005 तक अपर बान से संसद सदस्य (सांसद) भी रहे। उन्हें 1998 में गुड फ्राइडे समझौते के रचनाकार के रूप में जाना जाता था, जिसने उत्तरी आयरलैंड में 30 वर्षों के विवादों का अंत कर दिया। अक्टूबर 1998 में, जॉन ह्यूम और डेविड ट्रिम्बल को उत्तरी आयरलैंड में संघर्ष को समाप्त करने के उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**19.** बलविंदर सफरी, का हाल ही में निधन हो गया, वे प्रसिद्ध **पंजाबी गायक** थे।

**नोट:** वह बर्मिंघम, यूके में आवासित थे, और 1980 से यूके के भांगड़ा दृश्य का हिस्सा थे। उन्होंने 1990 में सफरी बॉयल बैंड बनाया। वह अपने पंजाबी गीत जैसे "रहाये रहाये" और "चान मेरे मखना" के लिए प्रसिद्ध थे।

**20.** 'नामघोरिया' के लेखक, अतुलानंद गोस्वामी जो अपने उपन्यासों तथा लघु कथाओं के लिए प्रसिद्ध हैं, का निधन हो गया, वह **असमिया** भाषा के प्रसिद्ध लेखक थे।

**नोट:** उन्हें उनके लघु कथा संग्रह 'सेनेह जरीर गंथी' के लिए 2006 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्रदान किया गया। पुरस्कार: अंबिकागिरी रॉय चौधरी साहित्य पुरस्कार, कुमार किशोर मेमोरियल अवॉर्ड, कथा पुरस्कार और स्नेह भारती साहित्य सम्मान इत्यादि। उन्होंने कई अंग्रेजी, बंगाली और उड़िया ग्रंथों का असमिया में अनुवाद भी किया।

**21.** निर्मला मिश्रा जिनका हाल ही में निधन हो गया, **बंगाली** भाषा की प्रसिद्ध गायिका थीं।

**नोट:** उन्होंने बंगाली, ओड़िया तथा असमिया फिल्मों में अनेक गाने गाए। पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें 'संगीत सम्मान', 'संगीत महासम्मन' और 'बंगविभूषण' पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्हें ओड़िया संगीत में उनके आजीवन योगदान के लिए संगीत सुधाकर बालकृष्ण दास पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**22.** फिदेल रामोस, जिनका हाल ही में निधन हो गया, **फिलीपींस** के पूर्व राष्ट्रपति थे।

**नोट:** वह 1992 से 1998 तक फिलिपींस गणराज्य के 12वें राष्ट्रपति थे। उनके कार्यकाल के दौरान, फिलीपींस को एक उदीयमान् "टाइगर इकोनॉमी" की संज्ञा दी गई थी।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) द्वारा भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस **1 जुलाई को** मनाया जाता है।

   **नोट:** विषय 2022: “Family Doctors on the Front Line." पहली बार, यह दिवस 1 जुलाई 1991 को डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया गया था, जिनकी जयंती तथा पुण्यतिथि दोनों 1 जुलाई को होती हैं।

2. जुलाई का पहला शनिवार **अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस** के रूप में मनाया गया।

   **नोट:** इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2 जुलाई को मनाया जा रहा है। विषय 2022: Cooperatives Build a Better World

3. भारत में सनदी लेखाकार दिवस या चार्टर्ड अकाउंटेंट डे हर वर्ष **1 जुलाई** को मनाया जाता है।

   **नोट:** इसे ICAI स्थापना दिवस के नाम से भी जाना जाता है। यह दिवस 1 जुलाई, 1949 को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

4. विश्व UFO दिवस (WUD) हर वर्ष **2 जुलाई को** मनाया जाता है।

   **नोट:** यह विश्व UFO दिवस संगठन (WUFODO) द्वारा अज्ञात उड़न वस्तुओं (UFO) के स्पष्ट अस्तित्व को समर्पित एक दिवस है। UFOs के अस्तित्व के बारे में जागरूकता फैलाना।

5. विश्व खेल पत्रकार दिवस हर वर्ष **2 जुलाई को** मनाया जाता है।
**नोट:** खेल को बढ़ावा देने में खेल पत्रकारों की सेवाओं का सम्मान करना। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (AIPS) ने 1994 में विश्व खेल पत्रकार दिवस की स्थापना की।
6. अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस हर वर्ष **3 जुलाई को** मनाया जाता है।
**नोट:** ग्रह पर प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या के बारे में जागरूकता फैलाना। यह दिवस पहली बार 3 जुलाई 2008 को कैटेलोनिया में जीरो वेस्ट यूरोप (ZWE) के एक सदस्य रेजेरो द्वारा मनाया गया था।
7. एक जूनोटिक बीमारी के खिलाफ प्रशासित पहले टीकाकरण के उपलक्ष्य में वर्ल्ड जूनोसेस डे प्रतिवर्ष **6 जुलाई** को मनाया जाता है।
**नोट:** जानवरों से मनुष्यों में संचारित होने वाले जूनोटिक रोगों के बारे में शिक्षित करना तथा जागरूकता बढ़ाना। यह फ्रांसीसी जीवविज्ञानी लुई पाश्चर की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने रेबीज के खिलाफ पहली टीके की पहली खुराक दी थी।
8. विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस हर वर्ष **7 जुलाई** को मनाया जाता है।
**नोट:** किस्वाहिली अफ्रीका तथा उप-सहारा में व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है। यह एकमात्र अफ्रीकी भाषा है जो अफ्रीकी संघ की आधिकारिक भाषा है।
9. देश भर में सभी मछुआरों, मत्स्य किसानों तथा संबंधित हितधारकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस हर वर्ष **10 जुलाई**को मनाया जाता है।
**नोट:** यह 65वां राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस है जो देश भर में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB) हैदराबाद में वर्चुअली राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया।
10. दुनिया भर में जनसंख्या के मुद्दों के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष **11 जुलाई** को मनाया जाता है।
**नोट:** यह दिवस पहली बार 11 जुलाई 1990 को 90 से अधिक देशों में मनाया गया था। विश्व जनसंख्या दिवस 2022 का विषय: 'A world of 8 billion: Towards a resilient future for all - Harnessing opportunities and ensuring rights and choices for all
11. प्लास्टिक बैग के बजाय पेपर बैग के उपयोग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व पेपर बैग दिवस हर वर्ष **12 जुलाई को** मनाया जाता है।
**नोट:**इस वर्ष पेपर बैग दिवस का विषय, "If You're 'fantastic', Do Something 'dramatic' To Cut The 'Plastic', Use 'Paper Bags'." एक अमेरिकी आविष्कारक फ्रांसिस वोले ने 1852 में पहली पेपर बैग मशीन बनाई थी।
12. महिला शिक्षा का समर्थन करने वाले युवती के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय मलाला दिवस हर वर्ष **12 जुलाई को** मनाया जाता है।
**नोट:** इस दिवस का उपयोग वैश्विक नेताओं से प्रत्येक बच्चे के लिए अनिवार्य तथा नि:शुल्क शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील के अवसर के रूप में किया जाता है।
13. रोजगार, काम तथा उद्यमिता के लिए महत्वपूर्ण कौशल की आवश्यकता को बढ़ावा देने के लिए विश्व युवा कौशल दिवस हर वर्ष **15 जुलाई** को मनाया जाता है।
**नोट:** विश्व युवा कौशल दिवस हर वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित एक निश्चित विषय के साथ मनाया जाता है। 2022 का विषय 'Transforming youth skills for the future'
14. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक कृत्यों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कार्यरत संगठनों के सम्मान में विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस हर वर्ष **17 जुलाई** को मनाया जाता है।
**नोट:** 17 जुलाई 1998 को 120 देशों ने रोम स्टेट्यूट ऑफ द इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट नामक एक संधि

पर हस्ताक्षर किए। स्थापना को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के नाम से जाना जाने लगा, जो 1 जुलाई 2002 को लागू हुआ। विषय 2022: Achieving Social Justice through Formal Employment

**15.** दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति की स्मृति में विश्व नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष **18 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** संयुक्त राष्ट्र (UN) ने 2009 में 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला दिवस घोषित किया था, नेल्सन मंडेला एक दक्षिण अफ्रीकी रंगभेद विरोधी कार्यकर्ता थे, जिन्होंने 1994 से 1999 तक दक्षिण अफ्रीका के पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। विषय 2022: “Do what you can, with what you have, where you are”. नेल्सन मंडेला को अक्टूबर 1993 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**16.** विश्व शतरंज दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर **20 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस 1924 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 12 दिसंबर 2019 को, महासभा ने 1924 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) की स्थापना के उपलक्ष्य में 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस घोषित किया।

**17.** महासभा ने मानवता की स्थिति तथा संभावनाओं के बारे में शिक्षित करने तथा जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष **20 जुलाई** को अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस मनाने की घोषणा की।

**नोट:** यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस फॉर आउटर स्पेस अफेयर्स (UNOOSA) के सहयोग से, अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस 2022 को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा और दुनिया भर में जन-साधारण समारोह आयोजित किए जाएंगे।

**18.** फ्रेगाइल X से प्रभावित परिवारों को ध्यान में रखते हुए वर्ल्ड फ्रेगाइल X अवेयरनेस डे प्रतिवर्ष **22 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** FRAXA रिसर्च फाउंडेशन को 1994 में क्लैप तथा उनके पति माइकल ट्रैनफैग्लिया, एमडी द्वारा लॉन्च किया गया था। वर्ल्ड फ्रेगाइल X अवेयरनेस डे की शुरुआत अमेरिका स्थित FRAXA रिसर्च फाउंडेशन द्वारा की गई थी।

**19.** राष्ट्रीय प्रसारण दिवस भारत में **23 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिंद रेडियो और कांग्रेस रेडियो दोनों ने आजादी से पहले भारतीयों को अंग्रेजों के खिलाफ जगाने में मदद की। आकाशवाणी ने 1971 के युद्ध में दमनकारी पाकिस्तान से बांग्लादेश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**20.** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने **24 जुलाई** को आयकर दिवस की 163वीं वर्षगांठ मनाई।

**नोट:** भारत में आयकर की शुरुआत 24 जुलाई 1860 को सर जेम्स विल्सन ने की थी। उद्देश्य: 1857 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहले स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश शासन को हुई हानि की भरपाई करना।

**21.** वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेंशन डे प्रतिवर्ष **25 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह अप्रैल 2021 से संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव "ग्लोबल ड्राउनिंग प्रिवेंशन" द्वारा स्थापित किया गया था।

**22.** अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण दिवस हर वर्ष **26 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस मैंग्रोव पारिस्थितिक तंत्र के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और उनके संधारणीय प्रबंधन, संरक्षण एवं उपयोग के समाधान को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के महासम्मेलन ने 2015 में इस दिवस की शुरुआत की।

**23.** भारत द्वारा कारगिल विजय दिवस **26 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। भारतीय थलसेना ने लद्दाख के कारगिल में नियंत्रण रेखा (LoC) के भारतीय हिस्से में एक पहाड़ी की चोटी पर अवैध कब्जा कर रहे पाकिस्तानी सैन्य बलों को मार भगाया

था। इस विजय के स्मरण तथा देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को याद करने के लिए भारत में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

**24.** विषाणुज हेपेटाइटिस पर जागरूकता फैलाने तथा वैश्विक कार्यवाही को बढ़ावा देने के लिए विश्व हेपेटाइटिस दिवस प्रतिवर्ष **28 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** विषय 2022: Bringing hepatitis care closer to you, विश्व स्वास्थ्य सभा ने बारूक सैमुअल ब्लमबर्ग (28 जुलाई) के जन्मदिवस को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया, जिन्होंने 1960 के दशक में हेपेटाइटिस B की खोज की थी। विषाणुज हेपेटाइटिस यकृत में सूजन की स्थिति है।

**25.** बाघों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस हर वर्ष **29 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** विश्व वन्यजीव कोष के अनुसार, पिछले 150 वर्षों में बाघों की आबादी में लगभग 95% गिरावट आई है। विषय 2022: "India launches Project Tiger to revive the tiger population". 2018 में किए गए राष्ट्रीय बाघ गणना मूल्यांकन के चौथे दौर के अनुसार, भारत में बाघों की संख्या 2,967 दर्ज की गई है।

**26.** मानव तस्करी के शिकार लोगों के कटु अनुभव तथा उनके अधिकारों की रक्षा के तरीकों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस हर वर्ष **30 जुलाई** को मनाया जाता है।

**नोट:** विषय 2022: Use and abuse of technology; विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पहली बार 2013 में मनाया गया था। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC) 2003 से पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंकड़ों का संग्रहण तथा विश्लेषण करता है।

## नई नियुक्तियां

1. महाराष्ट्र के 20वें मुख्यमंत्री **एकनाथ शिंदे है।**

   **नोट:** भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। देवेंद्र फडणवीस ने 2014-19 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था।

2. नाफ्ताली बेनेट की जगह आधिकारिक तौर पर इजराइल के 14वें प्रधानमंत्री **येर लैपिद है।**

   **नोट:** उनका कार्यकाल काफी छोटा हो सकता है, क्योंकि उन्होंने 1 नवंबर को होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले कार्यवाहक सरकार का कार्यभार संभाला है। वह एक पूर्व पत्रकार हैं जो 1 जुलाई 2022 से इजराइल के प्रधानमंत्री बने।

3. पोकरबाजी का ब्रांड एंबेसडर **शाहिद कपूर को** नियुक्त किया गया।

   **नोट:** भारत में पोकर के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना। शोध फर्म स्टेटिस्टा के अनुसार, 2021 में पूरे भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग का मूल्य लगभग 79 बिलियन रुपये था, जो 2020 में लगभग 65 बिलियन रुपये था।

4. दो वर्ष (जुलाई 2022-जून 2024) के लिए विश्व की आतंकवाद निरोधक वित्तपोषण एजेंसी, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) का अध्यक्ष **टी. राजा कुमार को** नियुक्त किया गया।

   **नोट:** उन्होंने डॉ. मार्कस प्लीयर की जगह ली, जिन्होंने FATF प्रमुख के रूप में कार्य किया। वह वैश्विक धनशोधन निरोधक तथा आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण उपायों की प्रभाविता बढ़ाने के लिए उत्तरदायी होंगे।

5. राजन साल्वी (शिवसेना उम्मीदवार) को हराकर महाराष्ट्र विधानसभा का 16वां अध्यक्ष **राहुल नार्वेकर को** चुना गया ।

   **नोट:** नाना पटोले (कांग्रेस) के फरवरी 2021 में पद से इस्तीफा देने के बाद महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का

पद रिक्त था। उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल सदन में कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे थे।

6. 11 जुलाई, 2022 से अवीवा इंडिया का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा प्रबंध निदेशक **असित रथ को** नियुक्त किया गया।
   **नोट:** वह अमित मलिक की जगह लेंगे, जो 10 वर्ष बाद पद छोड़ रहे हैं। वर्तमान में, वह प्रूडेंशियल म्यांमार लाइफ इंश्योरेंस के CEO हैं।
7. फैनकोड के लिए नया ब्रांड एंबेसडर **रवि शास्त्री को** नियुक्त किया गया।
   **नोट:** फैनकोड भारत के वेस्टइंडीज दौरे तथा ECB के द हंड्रेड के विशिष्ट अधिकारों के साथ कुछ बेहतरीन क्रिकेट एक्शन की मेजबानी करेगा। शास्त्री इनके आगामी अभियानों का नेतृत्व करके फैनकोड के 'फैन-फर्स्ट' सुझाव सामने लाएंगे।
8. भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) का अध्यक्ष **जादवपुर विश्वविद्यालय के उपकुलपति सुरंजन दास को** नियुक्त किया गया।
   **नोट:** उनका एक वर्ष का कार्यकाल 1 जुलाई से प्रभावी हुआ। इससे पहले, वह कलकत्ता विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर थे तथा उन्होंने 2008 और 2015 के बीच की अवधि के लिए कलकत्ता विश्वविद्यालय में उपकुलपति रहे।
9. 27 जुलाई 2022 से 31 मार्च 2024 तक मणप्पुरम फाइनेंस का MD एवं CEO **वी.पी. नंदकुमार** को नियुक्त किया गया।
   **नोट:** वह बैंकिंग एवं विदेश व्यापार में अतिरिक्त योग्यता के साथ विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। उन्होंने नेदुंगडी बैंक से अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत की। 1992 में, वह मणप्पुरम फाइनेंस में पदोन्नत हुए और तब से कंपनी के निदेशक हैं।
10. मुख्तार अब्बास नकवी के इस्तीफे के बाद अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का प्रभार **स्मृति ईरानी को** सौंपा गया।
    **नोट:** राम चंद्र प्रसाद सिंह के इस्तीफे के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस्पात मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।
11. संयुक्त राष्ट्र दक्षिण सूडान मिशन (UNMISS) का फोर्स कमांडर **लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम को** नियुक्त किया गय।
    **नोट:** वह लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश टिनाइकर (भारत) की जगह लेंगे। वर्तमान में, वे डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के कमांडेंट हैं।
12. G-20 के लिए भारत का नया शेरपा **अमिताभ कांत को** नियुक्त किया गया।
    **नोट:** उन्होंने पीयूष गोयल (वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामलों के मंत्री) की जगह ली, जिन्हें सितंबर 2021 में G-20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 तक G20 की अध्यक्षता करेगा। वह जून 2016 से 2022 तक नीति आयोग के CEO थे।
13. 2022-23 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) का नामोद्दिष्ट अध्यक्ष **आर. दिनेश (TVS सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष) को** चुना गय।
    **नोट:** वे 2018-19 के दौरान CII साउथ रीज़न के अध्यक्ष थे। संजीव पुरी (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ITC) CII के उपाध्यक्ष बने रहेंगे। संजीव बजाज (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बजाज फिनसर्व लिमिटेड) 2022-23 के लिए CII के अध्यक्ष बने रहेंगे।
14. 5 जुलाई 2022 से किन्हें निजी गैर-जीवन बीमाकर्ता SBI जनरल इंश्योरेंस का प्रबंध निदेशक (MD) तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) **परितोष त्रिपाठी को** नियुक्त किया गया।
    **नोट:** उन्होंने पी.सी. कांडपाल की जगह ली, जिन्हें SBI में उप प्रबंध निदेशक (DMD)-( P&RE) नियुक्त किया गया। उन्हें 32 वर्षों से अधिक का बैंकिंग अनुभव है तथा उन्होंने MSME, मिड-कॉर्पोरेट सेगमेंट, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग तथा बैंकएश्योरेंस सहित विभिन्न विभागों में काम किया है।
15. 1 अक्टूबर 2022 से चार वर्ष के कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) का सातवां अध्यक्ष **अल्वारो लारियो को** नियुक्त किया गया।
    **नोट:** यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान तथा विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है। यह एकमात्र बहुपक्षीय विकास

संगठन है जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करता है।

16. 10 जुलाई 2022 से पांच वर्ष की अवधि के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक **ब्रजेश कुमार उपाध्याय को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** इससे पहले, वह कंपनी (GSL) में संचालन निदेशक के रूप में कार्यरत थे। वह कंपनी के कॉर्पोरेट उद्देश्यों को हासिल करने हेतु कंपनी के कुशलता से कार्य करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

17. तीन वर्ष के लिए करूर वैश्य बैंक की अंशकालिक अध्यक्ष **मीना हेमचंद्र को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** पहले, उन्होंने बैंक की स्वतंत्र श्रेणी के अंतर्गत एक अतिरिक्त निदेशक के रूप में काम किया। उन्होंने जून 2015 से नवंबर 2017 तक RBI के कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया और चार वर्ष तक नोट मुद्रण बोर्ड के सचिव के रूप में कार्य किया।

18. तीन महीने के लिए न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (NIACL) का CMD **मधुलिका भास्कर को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्होंने अतुल सहाय की जगह ली, जिनका कार्यकाल उनकी सेवानिवृत्ति के बाद 28 फरवरी, 2022 को समाप्त हो गया था।

19. वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) द्वारा नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (NaBFID) में प्रबंध निदेशक **जी. राजकिरण राय** को अनुशंसित किया गया है।

**नोट:** उन्होंने मई 2022 में अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख तक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के MD एवं CEO के रूप में पांच वर्षों तक कार्य किया। FSIB को 1 जुलाई, 2022 को निगमित किया गया था। पूर्ववर्ती बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB) को इसके अधिदेश में कुछ संशोधनों के साथ FSIB में परिवर्तित किया गया था।

20. पांच वर्ष के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का नया प्रबंध निदेशक और CEO **आशीष कुमार चौहान** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वह विक्रम लिमये से NSE का कार्य-संचालन ग्रहण करेंगे। वह वर्तमान में BSE के MD एवं CEO हैं, चौहान का कार्यकाल नवंबर 2022 में समाप्त होगा। वह IIT एवं IIM के एक टेक्नोक्रेट हैं और 1993-2000 तक NSE में उनके कार्य के लिए उन्हें भारत में आधुनिक वित्तीय व्युत्पादों का जनक माना जाता है।

21. जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद बंगाल के नए राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार **मणिपुर के राज्यपाल, ला गणेशन** को दिया गया।

**नोट:** कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियमित व्यवस्था होने तक वह अपने कर्तव्यों के अलावा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करेंगे। जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है।

22. BCCI का नैतिकता अधिकारी एवं लोकपाल **विनीत सरन (न्यायमूर्ति)** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्होंने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) डी.के. जैन की जगह ली, जिनका कार्यकाल जून 2021 में समाप्त हुआ था। वह ओडिशा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं, और उन्होंने कर्नाटक तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया है।

23. खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) का अध्यक्ष **मनोज कुमार** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** KVIC के पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के उपराज्यपाल का कार्यभार संभाला है। मनोज कुमार पहले विशेषज्ञ सदस्य (विपणन) के रूप में KVIC में शामिल थे और उन्हें विपणन एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में पेशेवर अनुभव है।

24. 12 जुलाई, 2022 से REC लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) का कार्यभार **वी.के. सिंह** ने ग्रहण किया।

**नोट:** वी.के. सिंह निजी क्षेत्र परियोजना प्रबंधन, इकाई मूल्यांकन तथा खरीद सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों के पोर्टफोलियो में REC के कार्यकारी निदेशक थे। वे

REC पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक भी हैं।

**25.** मुख्य न्यायाधीश जयंत जयसूर्या के समक्ष संसद परिसर में श्रीलंका के आठवें राष्ट्रपति पद की शपथ **रानिल विक्रमसिंघे** ने ग्रहण की।

**नोट:** 225 सदस्यीय सदन में उन्हें 134 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी दुल्लास अल्हाप्परुमा को 82 मत मिले। पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़कर भागने के बाद उन्होंने कार्यवाहक राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। वह राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा करेंगे, जो नवंबर 2024 में समाप्त होगा।

**26.** 64% मत हासिल करके भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में **द्रौपदी मुर्मू** को निर्वाचित किया गया।

**नोट:** वह भारत के राष्ट्रपति का पद संभालने वाली पहली जनजातीय महिला तथा दूसरी महिला (पहली: प्रतिभा पाटिल) हैं। CJI, एन.वी. रमण ने द्रौपदी मुर्मू को पद की शपथ दिलाई। उनका जन्म ओडिशा के मयूरभंज जिले में हुआ था। जनजाति: संथाल; उन्होंने 2015 से 2021 तक झारखंड की राज्यपाल के रूप में कार्य किया।

**27.** भारतीय प्रशासक नरिंदर बत्रा द्वारा पद से इस्तीफा देने के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने **सैफ अहमद (मिस्र)** अपना कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया।

**नोट:** बत्रा ने FIH अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) प्रमुख के पद से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की अपनी सदस्यता भी त्याग दी जो सीधे तौर पर उनके IOA पद से संबद्ध थी।

**28.** **राजर्षि गुप्ता** को ONGC विदेश लिमिटेड का MD किन्हें नियुक्त किया गया, जो राष्ट्र के स्वामित्व वाली तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) की एक विदेशी निवेश शाखा है।

**नोट:** उन्होंने आलोक गुप्ता की जगह ली, जो जून 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनके पास ONGC तथा ONGC विदेश के घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय संचालन में पर्यवेक्षी, प्रबंधकीय एवं कार्यनीतिक नियोजन का 33 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

**29.** 17 अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ श्रीलंका का नया प्रधानमंत्री **दिनेश गुणवर्धने** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** प्रधान मंत्री पद के साथ, उनके पास लोक प्रशासन, गृह मामलों, प्रांतीय परिषद तथा स्थानीय सरकार का अतिरिक्त प्रभार है।

**30.** पांच वर्ष की अवधि (23 जुलाई 2022 से प्रभावी) के लिए यस बैंक का अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशक **राम सुब्रमण्यम गांधी** को नियुक्त किया गया है।

**नोट:** वह वर्तमान में वित्तीय क्षेत्र के नीति विशेषज्ञ तथा सलाहकार हैं। वह 2014 से 2017 तक तीन वर्ष के लिए RBI के डिप्टी गवर्नर थे। उन्होंने सेबी में तीन वर्ष की उपनियुक्ति संभाली और उन्होंने इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (IDRBT), हैदराबाद के निदेशक के रूप में भी कार्य किया।

**31.** भारत में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पोर्ट्स एंड हार्बर्स (IAPH) का आधिकारिक प्रतिनिधि **एन्नारासु करुनेसां** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्होंने मुंबई बंदरगाह से बंदरगाह उद्योग में अपना करियर शुरू किया और बाद में पोर्ट क्लैंग, मलेशिया में वेस्टपोर्ट कंटेनर टर्मिनल के परिचालन महाप्रबंधक और CEO (2001 से 2004 तक) के रूप में काम किया। IAPH सहयोग तथा उत्कृष्टता के लिए विश्व बंदरगाह उद्योग मंच है।

**32.** 19 अगस्त, 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए वोडाफोन आइडिया का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी **अक्षय मुंद्रा** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वह रविंदर टक्कर की जगह लेंगे। टक्कर MD और CEO के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद कंपनी के गैर-कार्यकारी और गैर-स्वतंत्र निदेशक बने रहेंगे। मुंद्रा के पास 30 से अधिक वर्षों का अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

**33.** विश्व बैंक का नया मुख्य अर्थशास्त्री और वैकासिक अर्थशास्त्र का वरिष्ठ उपाध्यक्ष (1 सितंबर, 2022 से प्रभावी) **इंदरमीत गिल** को नियुक्त किया गया है।
**नोट:** वह अमेरिकी अर्थशास्त्री, कारमेन रीनहार्ट की जगह लेंगे। वह वर्तमान में एक्विटेबल ग्रोथ, फाइनेंस एंड इंस्टीट्यूशन के उपाध्यक्ष हैं। वह 2012 से 2016 तक विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु के बाद मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में कार्य करने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

**34.** अहमद नवाफ अल अहमद अल सबाह को **कुवैत** का प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्होंने शेख सबा अल खालिद की जगह ली, जिन्होंने अप्रैल 2022 में इस्तीफा दिया था। वह 9 मार्च, 2022 से आंतरिक मंत्रालय तथा प्रथम उप-प्रधानमंत्री बनने से पहले लेफ्टिनेंट-जनरल के पद से सेवानिवृत्त कुवैती सैन्य अधिकारी हैं।

**35.** LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LIC HFL) का अतिरिक्त निदेशक (स्वतंत्र) **रवि किशन टक्कर** नियुक्त किया गया, जो 25 जुलाई 2022 से प्रभावी है।
**नोट:** उन्होंने 1 नवंबर, 2018 तक तीन वर्ष के लिए यूको बैंक के MD और CEO के रूप में कार्य किया।

**36.** पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (PPSL) का CEO **नकुल जैन** को नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्होंने प्रवीण शर्मा की जगह ली, जो अब PPSL के कार्यवाहक CEO हैं। प्रवीण शर्मा को उनके अन्य दायित्वों के अलावा संगठन के वाणिज्य कार्यक्षेत्र के निरीक्षण के लिए पदोन्नत किया गया है। नकुल जैन ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में निजी बैंकिंग, प्राथमिकता बैंकिंग, जमा तथा शाखा बैंकिंग के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया है।

**37.** अल्बानिया गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में **बजराम बेगज** ने शपथ ग्रहण की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने।
**नोट:** 83 मतों में से 78 मत प्राप्त करने के बाद 4 जून, 2022 को उन्हें राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया था। वह एक मेजर जनरल थे और अल्बानिया के सशस्त्र बलों में चीफ ऑफ जनरल स्टाफ थे।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत सरकार ने **1 जुलाई, 2022** से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया।
**नोट:** 12 अगस्त, 2021 की अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से निम्न उपयोगिता तथा अधिक कचरा फैलाने वाली सभी सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी है।

2. **आंध्र प्रदेश** राज्य ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (BRAP) - 2020 के अनुसार 'टॉप अचीवर्स' सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया।
**नोट:** उपलब्धि हासिल करने वाले शीर्ष राज्य: आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना और तमिलनाडु। लक्ष्य प्राप्ति श्रेणी: हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश। आकांक्षी श्रेणी: असम, छत्तीसगढ़, गोवा, झारखंड, केरल, राजस्थान और पश्चिम बंगाल।

3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने MSME क्षेत्र को आगे बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रमुख पहल शुरू करने के लिए **उद्यमी भारत** कार्यक्रम में शामिल हुए।
**नोट:** MSME प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज करना: MSME की कार्यान्वयन क्षमता तथा व्याप्ति क्षेत्र को बढ़ाने का लक्ष्य। पहली बार के MSME निर्यातकों का क्षमता निर्माण: MSME को वैश्विक बाजार के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों की वस्तुओं तथा सेवाओं हेतु प्रोत्साहित करना। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

4. राष्ट्र के स्वामित्व वाले **राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG)** ने नई दिल्ली में यमुना नदी पर कालिंदी

कुंज घाट पर नमामि गंगे अमृत वाटिका बनाने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 पौधे लगाए हैं।

**नोट:** यह कार्य यमुना घाट पर वृक्षारोपण पहल के तहत किया गया। NMCG ने दिल्ली में यमुना नदी पर स्वच्छता अभियान भी चलाया है जो हर महीने के चौथे शनिवार को आयोजित एक नियमित क्रियाकलाप है।

5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **बेंगलुरु** शहर में 800 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बॉश इंडिया के पहले स्मार्ट कैंपस का वर्चुअली उद्घाटन किया।

   **नोट:** 76-एकड़ में बना Spark.NXT कैंपस सुरक्षा, संधारणीयता, तथा सहयोगियों, आगंतुकों के लिए उपयोगकर्ता अनुभव और सुविधा प्रबंधन के आधार पर कई स्मार्ट समाधानों की सुविधा प्रदान करता है। वर्तमान में बॉश के भारत में 16 निर्माण केंद्र और सात विकास तथा अनुप्रयोग केंद्र हैं।

6. डिजिटल इंडिया सप्ताह 2022 का विषय **Catalyzing New India's Techade।** है, जिसका उद्घाटन 4 जुलाई, 2022 को गुजरात के गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

   **नोट:**वह भारत के टियर- II तथा टियर- III शहरों में सफल स्टार्टअप की खोज, समर्थन, विकास तथा उसे सफल बनाने के लिए 'डिजिटल इंडिया जेनेसिस' - एक राष्ट्रीय डीप-टेक स्टार्टअप प्लेटफॉर्म भी लॉन्च करेंगे।

7. **विवेक एक्सप्रेस** के नाम पर देश के सबसे लंबे रेल मार्ग (दूरी तथा समय दोनों के मामले में) का खिताब है, जो असम के डिब्रूगढ़ से तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक जाती है।

   **नोट:** ट्रेन में कुल नौ राज्य में जाती है: असम, नागालैंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु। विवेक एक्सप्रेस की घोषणा 2011-12 के रेल बजट में ममता बनर्जी (भारत की तत्कालीन रेल मंत्री) द्वारा की गई थी।

8. भारत का सबसे बड़ा तैरता सौर संयंत्र अब **रामगुंडम, पेद्दापल्ली जिला, तेलंगाना** राज्य में पूर्णतया क्रियाशील है।

   **नोट:** क्षमता : 100 मेगावाट। यह फ्लोटिंग सोलर एनर्जी फोटोवोल्टिक प्रोजेक्ट NTPC द्वारा शुरू किया गया था। 1 जुलाई तक दक्षिणी क्षेत्र में फ्लोटिंग सोलर क्षमता का कुल वाणिज्यिक संचालन बढ़कर 217 मेगावाट हो गया है।

9. **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** ने IRDAI के सहयोग से हेल्थ क्लेम के निपटान के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में एक नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज विकसित किया है।

   **नोट:** देबाशीष पांडा (IRDAI के अध्यक्ष) ने उद्योग से प्रतिनिधित्व के साथ एक कार्य समूह बनाने का प्रस्ताव दिया। यह समूह निर्धारित करेगा कि भारत में जनरल इंश्योरेंस के सबसे बड़े खंड को स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए अधिक से अधिक लोगों को कैसे आकर्षित किया जाए।

10. राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2021 में तीसरी बार **गुजरात** राज्य को 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाला राज्य' चुना गया।

    **नोट:** रैंकिंग ने राज्यों को उनकी आमाप के आधार पर दो श्रेणियों - श्रेणी A और श्रेणी B में वर्गीकृत किया है।

    - शीर्ष प्रदर्शक:
    - श्रेणी A: केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना
    - श्रेणी B: जम्मू एवं कश्मीर
    - स्टार्टअप अग्रणी:
    - श्रेणी A: तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब और असम
    - श्रेणी B: अरुणाचल प्रदेश, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

11. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के लिए राज्य रैंकिंग सूचकांक में उत्तर प्रदेश से पहले **ओडिशा** राज्य शीर्ष राज्य बना।

    **नोट:** NFSA के लिए राज्य रैंकिंग सूचकांक का पहला संस्करण उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल द्वारा जारी किया गया। विशेष श्रेणी: त्रिपुरा, उसके

बाद हिमाचल प्रदेश तथा सिक्किम। अंतिम राज्य: लद्दाख (34), मेघालय (33), मणिपुर (32)

12. IIT हैदराबाद में स्थलीय तथा हवाई वाहन परीक्षण दोनों के लिए एक टेस्टबेड फॉर ऑटोनोमस नेविगेशन 'TiHAN' **MoS, जितेंद्र सिंह ने** लॉन्च किया।

**नोट:** उद्देश्य: अकादमिक, उद्योग तथा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं के बीच सहयोगपूर्ण अनुसंधान को बढ़ावा देना। TiHAN का पूरा नाम टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब ऑन ऑटोनोमस नेविगेशन।

13. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने **गूगल इंटरनेशनल एलएलसी** को भारती एयरटेल लिमिटेड की इक्विटी पूंजी में 1.28% की अल्प तथा अनियंत्रक हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दी।

**नोट:** इस निवेश समझौते के साथ, दोनों कंपनियों ने अपने सहयोगियों के माध्यम से कुछ वाणिज्यिक समझौते भी किए हैं। गूगल इंटरनेशनल एलएलसी, गूगल एलएलसी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है तथा गूगल एलएलसी, अल्फाबेट इंक के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

14. ऊर्जा कंपनी **रिन्यू पावर** ने 'प्रोजेक्ट सूर्य' लॉन्च करने हेतु संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) तथा भारतीय स्व-नियोजित महिला संघ (SEWA) के साथ समझौता किया।

**नोट:** उद्देश्य: नमक उत्पादन से जुड़ी निम्न आय वाली महिला श्रमिकों को सौर तकनीशियन के काम का प्रशिक्षण देना। गुजरात के पाटण जिले के ढोकावाड़ा गांव में नमक उत्पादन से जुड़ी महिला श्रमिकों को सोलर पैनल और सोलर पंप तकनीशियन के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

15. ग्रीनको ने **IIT हैदराबाद** के साथ संधारणीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हेतु देश का पहला समर्पित स्कूल शुरू करने के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किया।

**नोट:** उद्देश्य: संधारणीय विकास के क्षेत्र में अनुसंधान, शिक्षा एवं कौशल में अंतर को पाटना। स्कूल जलवायु परिवर्तन शमन; कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी; ऊर्जा संक्रमण तथा औद्योगिक परिवर्तन में अध्ययन को बढ़ावा देगा।

16. भारत ने अपनी वित्तीय तथा तकनीकी सहायता में हाई इम्पैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर **आर्मेनिया** देश के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** येरेवान में आयोजित व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक सहयोग (IGC) पर 8वें भारत-आर्मेनिया अंतर्शासकीय आयोग में MoU पर हस्ताक्षर किए गए। बाद में, येरेवान स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी (YSMU) में महात्मा गांधी सभागार का उद्घाटन किया गया।

17. केंद्र प्रायोजित योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) **29 जून 2020 से** शुरू की गई थी।

**नोट:** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गई थी। उद्देश्य: खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को उन्नत बनाना तथा अर्थव्यवस्था में उनके आश्चर्यजनक समर्थन का जश्न मनाना।

18. **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** 8 जुलाई, 2022 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में "हरियाली महोत्सव" का आयोजन करेगा।

**नोट:** उद्देश्य: जीवन में पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना। इसका आयोजन पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों, पुलिस संस्थानों तथा दिल्ली के स्कूलों के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए किया जा रहा है।

19. **गूगल** ने अपनी स्टार्टअप पहल के एक भाग के रूप में स्टार्टअप स्कूल इंडिया (SSI) लॉन्च करने की घोषणा की।

**नोट:** इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से, गूगल निवेशकों, सफल उद्यमियों तथा प्रोग्रामर्स को एक साथ लाएगा। उद्देश्य: इस कार्यक्रम के माध्यम से कम से कम 10,000 स्टार्टअप तक पहुंचना। यह नौ सप्ताह का कार्यक्रम है, जो वर्चुअली संचालित किया जाएगा।

20. द्रवित प्राकृतिक गैस (LNG) के लिए भारत का पहला फ्लोटिंग टर्मिनल **जयगढ़, महाराष्ट्र मे** स्थित है जिसके 2022 की दूसरी छमाही में चालू होने की संभावना है।

**नोट:** जयगढ़ में एच-एनर्जी गेटवे तथा जाफराबाद में स्वान एनर्जी के नेतृत्व वाले टर्मिनल की फ्लोटिंग स्टोरेज एंड रीगैसिफिकेशन यूनिट्स (FSRU) से कुल 11 मिलियन टन वार्षिक पुनर्गैसीकरण क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। छठा LNG आयात टर्मिनल 2020 में स्थापित मुंद्रा LNG था।

21. **BSE बोर्ड** ने 'परीक्षा संगम' नामक एक पोर्टल लॉन्च किया।

**नोट:** परीक्षा से संबंधित प्रक्रियाओं के एकीकरण हेतु विद्यार्थियों, स्कूल क्षेत्रीय कार्यालयों तथा CBSE बोर्ड मुख्यालय को जोड़ना। बोर्ड परीक्षा परिणाम, आदर्श प्रश्नपत्र और अन्य विवरण के लिए एक सिंगल विंडो उपलब्ध है। परीक्षा संगम पोर्टल parikshasangam.cbse.gov.in पर देखा जा सकता है। पोर्टल को तीन भागों - स्कूल (गंगा), क्षेत्रीय कार्यालय (यमुना) तथा मुख्यालय (सरस्वती) में विभाजित किया गया है।

22. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी **विज्ञान भवन, नई दिल्ली मे** आयोजित पहले 'अरुण जेटली मेमोरियल लेक्चर' (AJML) में शामिल हुए।

**नोट:** पहला AJML मुख्य भाषण श्री थर्मन शन्मुगरत्नम (वरिष्ठ मंत्री, सिंगापुर सरकार) द्वारा दिया गया। आयोजक: देश में श्री अरुण जेटली के अमूल्य योगदान के सम्मान में आर्थिक मामलों के विभाग, वित्त मंत्रालय।

23. **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)** ने रिमोट सेंसिंग तथा GIS प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से NCR के लिए वेब जियो-पोर्टल 'परिमाण' (PARIMAN) विकसित किया।

**नोट:** इसका उपयोग प्रारंभ में NCR के सहभागी राज्यों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (NCRPB) के कार्यालय द्वारा किया जाएगा। यह NCR क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत योजना तथा प्रबंधन सुधार करने में मदद करेगा।

24. उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) के आंकड़ों के अनुसार, **महाराष्ट्र** राज्य में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या सर्वाधिक है, जिसके बाद कर्नाटक तथा दिल्ली का स्थान है।

**नोट:** सरकार द्वारा अनुमोदित कुल 73,205 नवयुगीन कंपनियों में से 13,541 सक्रिय DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्टअप महाराष्ट्र से थे। स्टार्टअप की कुल संख्या के संबंध में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 18% है। 5 जुलाई तक कर्नाटक में 8,902 स्टार्टअप तथा दिल्ली में 8,670 उद्यम हैं।

25. पीएम स्वनिधि योजना की सफलता के उपलक्ष्य में 'स्वनिधि' महोत्सव का शुभारंभ **हरदीप सिंह पुरी (आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री) ने** किया।

**नोट:** यह महोत्सव 9-31 जुलाई 2022 तक आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। स्ट्रीट वेंडर्स को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करने के लिए 1 जून, 2020 को पीएम स्वनिधि (प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि) योजना शुरू की गई थी।

26. 2025 तक भारत में टीबी को खत्म करने के लिए **पंचायती राज** मंत्रालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** समझौता ज्ञापन पर पंचायती राज मंत्रालय की ओर से आर्थिक सलाहकार डॉ. बिजय कुमार बेहरा और स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव डॉ. पी. अशोक बाबू ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन भारत में टीबी को खत्म करने के प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर-मंत्रालयी सहयोग तथा रणनीतिक साझेदारी को बेहतर बनाएगा।

27. नए संसद भवन (निर्माणाधीन) के शीर्ष पर 6.5 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय प्रतीक का अनावरण **पीएम नरेंद्र मोदी** ने किया।

**नोट:** कांसे से बने राष्ट्रीय प्रतीक का वजन 9,500 किलोग्राम है। प्रतीक को सहारा देने के लिए 6,500 किलोग्राम की एक सहायक इस्पात संरचना बनाई गई थी। प्रतीक सुनील देवरे (औरंगाबाद) और लक्ष्मण व्यास (जयपुर) द्वारा बनाया गया था। HCP डिजाइन, अहमदाबाद के बिमल पटेल, भवन (नई

संसद) के प्रभारी शिल्पकार हैं। भवन का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स द्वारा किया जा रहा है।

28. **ओला इलेक्ट्रिक** ने भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित लिथियम आयन सेल का अनावरण किया।

**नोट:** कंपनी 2023 तक अपनी चेन्नई स्थित गिगाफैक्ट्री से सेल (NMC 2170) का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करेगी। कंपनी को हाल ही में भारत में उन्नत सेल विकसित करने के लिए सरकार द्वारा ACC PLI योजना के तहत 20GWh क्षमता आवंटित की गई थी। ओला इलेक्ट्रिक ने अगस्त 2021 में अपना पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल लॉन्च किया था और भारत में दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया निर्माण केंद्र भी स्थापित किया।

29. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति - **7.01%।**

**नोट:** CPI मुद्रास्फीति ने लगातार छठे महीने के लिए RBI के टॉलरेंस बैंड (2-6%) की ऊपरी सीमा को पार कर लिया है। भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) मई में 19.6% बढ़ा है, जबकि अप्रैल 2022 में यह 7.1% बढ़ा था।

30. हेलीकॉप्टर इंजन कंपनी **साफरान** ने हेलीकॉप्टर इंजन विकसित करने के उद्देश्य से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ एक नया संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** MoU पर श्री आर. माधवन (HAL CMD) और फ्रेंक सौडो (साफरान CEO) ने हस्ताक्षर किए। उद्देश्य: भविष्य के 13-टन IMRH (इंडियन मल्टी रोल हेलीकॉप्टर) सहित HAL तथा भारत के रक्षा मंत्रालय (MoD) की भविष्य की हेलीकॉप्टर आवश्यकताओं को पूरा करना। दोनों कंपनियों ने शक्ति इंजन के लिए भी साझेदारी की है।

31. प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार I2U2 लीडर्स समिट में भाग लिया। I2U2 का पूरा ना -- **इंडिया-इजराइल-UAE-USA।**

**नोट:** शिखर सम्मेलन में उनके इजराइली समकक्ष येर लापिड, UAE के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन शामिल होंगे। 2021 में आयोजित चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान I2U2 ग्रुप की अवधारणा की गई थी।

32. नोमुरा के अनुसार, भारत में आर्थिक विकास के लिए 2023 का पूर्वानुमान **4.7%** होगा।

**नोट:** मंदी की आशंकाओं तथा बढ़ती ब्याज दरों के बीच इसका पहले का पूर्वानुमान 5.4% था। कारण: उच्च मुद्रास्फीति, मौद्रिक नीति का सख्त होना, निष्क्रिय निजी पूंजीगत व्यय वृद्धि, बिजली संकट और वैश्विक विकास मंदी। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर - CPI मई में 7.04% की तुलना में 7.01% दर्ज की गई है, लगातार छठे महीने CPI मुद्रास्फीति RBI की निर्धारित सीमा से ऊपर रही है।

33. गुजरात में **राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान** को एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में उन्नत किया गया और इसका नाम बदलकर गति शक्ति विश्वविद्यालय कर दिया गया।

**नोट:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गति शक्ति विश्वविद्यालय (GSV) की स्थापना के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन हेतु एक विधेयक केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 को संसद में पेश करने की मंजूरी दी। गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के बाद यह राज्य का दूसरा केंद्रीय विश्वविद्यालय है।

34. सरकार के **उपभोक्ता मामलों के विभाग** ने 'मरम्मत का अधिकार' के लिए एक रूपरेखा तैयार करने हेतु एक समिति गठित की।

**नोट:** समिति की अध्यक्षता निधि खरे (उपभोक्ता मामलों के विभाग की अतिरिक्त सचिव) करेंगी उद्देश्य: स्थानीय बाजार में उपभोक्ताओं तथा उत्पाद क्रेताओं को सशक्त बनाना, मूल उपकरण निर्माताओं तथा तृतीय पक्ष के क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच व्यापार में सामंजस्य स्थापित करना। अमेरिका, यूके, और यूरोपीय संघ जैसे देशों ने मरम्मत के अधिकार को पहले ही मान्यता दे दी है।

35. कागज आयात निगरानी प्रणाली **1 अक्टूबर 2022** से प्रभावी होगी।

**नोट:** एक आयातक को कागजों के आयात के बारे में ऑनलाइन अग्रिम जानकारी प्रदान करने और पंजीकरण संख्या प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। यह 201 टैरिफ लाइनों, जैसे न्यूज़प्रिंट, हस्तनिर्मित कागज, टिशू पेपर, टॉयलेट पेपर और कार्टन सहित पेपर उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर घरेलू क्षेत्र क्षेत्र इकाई द्वारा आयात पर लागू होता है।

**36.** UIDAI द्वारा कहीं से भी और किसी भी समय मोबाइल ऐप के माध्यम से चेहरे के प्रमाणीकरण के लिए लॉन्च किया गया नया मोबाइल ऐप **AadhaarFaceRd** है।

**नोट:** इस सत्यापन के माध्यम से, आधार धारक की वास्तविक पहचान को विधिमान्य किया जाता है और UIDAI के डेटाबेस में दर्ज किया जाता है जिसे आधार नामांकन के समय लिया गया था। आधार फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को UIDAI द्वारा आंतरिक रूप से विकसित किया गया है। Aadhaar FaceRD के लाभ: जीवन प्रमाण, राशन वितरण (PDS)

**37.** **नैसकॉम फाउंडेशन** ने एक कॉल सेंटर "डिजिवाणी कॉल सेंटर" स्थापित करने के लिए गूगल तथा एक गैर-लाभकारी संस्था इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीबिजनेस प्रोफेशनल्स (ISAP) के साथ समझौता किया।

**नोट:** उद्देश्य: महिला किसानों को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद करना। यह प्रायोगिक परियोजना छह राज्यों- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान में संचालित है। नैसकॉम अध्यक्ष: कृष्णन रामानुजम

**38.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उप्र के जालौन जिले की उरई तहसील के कैथेरी गांव में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया, इसकी लंबाई **296 किमी** है।

**नोट:** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से क्षेत्र के औद्योगिक विकास को लाभ मिलेगा। कृषि आधारित उद्योग समृद्ध होंगे तथा इससे रक्षा गलियारे में मदद मिलेगी जिसके फलस्वरूप क्षेत्र का समग्र विकास होगा। 296 किमी लंबा, चार लेन वाला बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे सात जिलों, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा से होकर गुजरता है।

**39.** शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के अनुसार, **IIT मद्रास** संस्थान ने लगातार चौथे वर्ष देश के शैक्षणिक संस्थानों में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**नोट:** भारतीय विज्ञान संस्थान भारत रैंकिंग-2022 में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है। IIM, अहमदाबाद देश का सर्वोत्तम प्रबंधन संस्थान है। एम्स, नई दिल्ली सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज है। चेन्नई में सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज सर्वोत्तम डेंटल कॉलेज है।

**40.** **वाराणसी** शहर को 2022-23 के लिए SCO की पहली सांस्कृतिक एवं पर्यटन राजधानी घोषित किया गया।

**नोट:** इसकी घोषणा गुट के महासचिव झैंग मिंग ने की। यह सदस्य देशों के बीच जन संपर्क तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आठ सदस्यीय संगठन की एक नई आवर्ती पहल है। पवित्र शहर वाराणसी सदियों से भारत की संस्कृति तथा परंपराओं को प्रदर्शित कर रहा है। सदस्य: चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत तथा पाकिस्तान।

**41.** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, 2019 में **जम्मू और कश्मीर** केंद्र शासित प्रदेश में अविवाहित युवाओं की संख्या सर्वाधिक दर्ज की गई।

**नोट:** जम्मू-कश्मीर के बाद उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब का स्थान था। 2011-2019 तक लगभग 8 वर्षों में, 15-29 आयु वर्ग में अविवाहित व्यक्तियों की संख्या 17.2% से बढ़कर 23% हो गई है। राष्ट्रीय युवा नीति 2014 में, 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों को युवा माना गया है।

**42.** महिला एवं बाल विकास (WCD) मंत्रालय की एक प्रमुख योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का पूरे देश में विस्तार किया जाएगा, यह योजना **वर्ष 2015** में शुरू की गई थी।

**नोट:** BBBP महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र की प्रमुख योजना है। यह बालिकाओं की शिक्षा तथा लिंगानुपात में सुधार पर केंद्रित है। लिंग-चयनित गर्भपात को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई थी। यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार

कल्याण मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।

43. **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** ने 'मिशन शक्ति' योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी होंगे।

**नोट:** मिशन शक्ति 15वें वित्त आयोग के दौरान कार्यान्वयन के लिए महिलाओं की रक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु एक एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम है। 'मिशन शक्ति' की दो उप-योजनाएं हैं: 'संबल' और 'सामर्थ्य'। संबल: महिलाओं की रक्षा एवं सुरक्षा। सामर्थ्य: महिलाओं का सशक्तिकरण।

44. उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने तथा उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए लॉन्च किए गए शुभंकर का नाम **जागृति**।

**नोट:** विषय में शामिल हैं: उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019, हॉलमार्किंग, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 1915, बाट तथा माप अधिनियम के उपबंध, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के निर्णय एवं शिकायत निवारण। सभी मीडिया अभियानों में टैगलाइन "जागो ग्राहक जागो"।

45. मोबाइल इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्लेटफॉर्म, **रेपोस पे** जिसे केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री नारायण राणे द्वारा 'फ्यूलिंग इंडिया 2022' में एक फिनटेक प्लेटफॉर्म 'Phy-gital' के साथ लॉन्च किया गया।

**नोट:** रेपोस पे: कोई भी ऐप पर गतिशील इलेक्ट्रिक चार्जिंग व्हीकल का ऑर्डर दे सकता है और अपने वाहनों को चार्ज कर सकता है। Phy-gital: यह एक फिनटेक प्लेटफॉर्म है जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से ईंधन उपभोक्ताओं (बाय नाउ पे लेटर) को क्रेडिट सुविधा प्रदान करेगा। रेपोस: 2017 में अदिति भोसले वालुंज और चेतन वालुंज द्वारा स्थापित।

46. विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से **नीति आयोग** ने एशिया तथा अफ्रीका में मोटे अनाज को मुख्यधारा में लाने के लिए मैपिंग एंड एक्सचेंज ऑफ गुड प्रैक्टिसेस पहल शुरू की।

**नोट:** दोनों संगठन मिलकर भारत और विदेशों में मोटे अनाजों के उत्पादन तथा उपभोग को बढ़ाने के लिए अच्छी कार्यप्रणालियों का एक संग्रह तैयार करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी द्वारा किया जाएगा।

47. इलेक्ट्रिक वाहनों तथा ऊर्जा भंडारण के लिए एल्यूमीनियम-एयर बैटरी विकसित करने के लिए **हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड** उद्योग ने इज़राइल स्थित, फिनर्जी और IOC फिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** हिंडाल्को, फिनर्जी और IOP ने एल्यूमीनियम-एयर बैटरियों के लिए अनुसंधान एवं विकास और एल्यूमीनियम प्लेटों के प्रायोगिक उत्पादन और इन बैटरियों के उपयोग के बाद एल्यूमीनियम के पुनर्चक्रण पर साझेदारी की है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज आदित्य बिड़ला ग्रुप की सहायक कंपनी है। IOC फिनर्जी, फिनर्जी तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

48. **जवाहरलाल नेहरू पोर्ट** बंदरगाह भारत का पहला 100% लैंडलॉर्ड मेजर पोर्ट बन गया, जहां सभी लंगरगाह (नौबंध स्थल) सार्वजनिक-निजी साझेदारी (PPP) मॉडल पर संचालित हैं।

**नोट:** उद्देश्य: टर्मिनल की क्रेन तथा लंगरगाह उत्पादकता के उपयोग में सुधार करना और पारगमन समय, एवं रसद लागत को कम करना। इसके साथ JNPT की कुल प्रबंधन क्षमता मौजूदा 1.5 मिलियन TEU से बढ़कर 1.8 मिलियन ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स (TEU) हो गई। पत्तन एवं पोतपरिवहन मंत्री: सर्बानंद सोनोवाल

49. केंद्र ने **संजय अग्रवाल (पूर्व कृषि सचिव)** की अध्यक्षता में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक समिति गठित की।

**नोट:** उद्देश्य: न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना। समिति देश की बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शून्य बजट प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उपाय भी सुझाएगी।

50. नीति आयोग के तीसरे नवाचार सूचकांक में **कर्नाटक** राज्य ने बड़े राज्यों की श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**नोट:** इसके बाद तेलंगाना और हरियाणा का स्थान है। यह सूचकांक उप-राष्ट्रीय स्तर पर नवाचार क्षमताओं तथा पारिस्थितिक तंत्र की जांच करता है। कर्नाटक लगातार तीसरे वर्ष सूचकांक में शीर्ष पर रहा। राज्यों तथा UT के प्रदर्शन की प्रभावी तुलना करने के लिए उन्हें 17 बड़े राज्यों, 10 पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी राज्यों और 9 केंद्र शासित प्रदेशों एवं शहर राज्यों में विभाजित किया गया था।

51. भारत ने देश में चीतों को पुन: लाने के लिए वन्यजीव संरक्षण एवं सतत जैव विविधता उपयोजन पर **नामीबिया** के साथ MoU हस्ताक्षर किया।

**नोट:** भूपेंद्र यादव (केंद्रीय पर्यावरण मंत्री) तथा नेटुम्बो नंदी नदैतवा (नामीबिया के उप प्रधान मंत्री एवं विदेश मंत्री) के बीच MoU पर हस्ताक्षर किए गए। मध्य प्रदेश में कूनो राष्ट्रीय उद्यान को 15 अगस्त, 2022 तक पहले चरण में आठ चीते प्राप्त होंगे। भारत में चीतों की प्रजातियों को 1952 में आधिकारिक तौर पर विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

52. **नीति आयोग** संगठन ने लाइसेंसिंग तथा नियामक व्यवस्थाओं के लिए एक टेम्पलेट तथा दिशानिर्देश पेश करते हुए डिजिटल बैंकों पर अपनी रिपोर्ट जारी की।

**नोट:** रिपोर्ट का शीर्षक: डिजिटल बैंक: भारत में लाइसेंसिंग एवं नियामकीय व्यवस्था के लिए एक प्रस्ताव रिपोर्ट में सिफारिशें: (1) सीमित डिजिटल बैंक लाइसेंस जारी करना, (2) RBI द्वारा अधिनियमित एक नियामक सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क में समावेशन (लाइसेंसधारी का), (3) "पूर्ण मापनी" डिजिटल बैंक लाइसेंस जारी करना।

53. भारत का पहला यात्री ड्रोन, **वरुण** जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया।

**नोट:** यह ड्रोन ऑटो टेक-ऑफ तथा लैंडिंग सुविधाओं की मदद से एक व्यक्ति, उपकरण, या सामग्री को एक गतिशील युद्धपोत से दूसरे युद्धपोत पर ले जाने में सक्षम है। इसका उपयोग चिकित्सा निकासी में किया जा सकता है।

54. **बुरहानपुर, मध्य प्रदेश** भारत का पहला प्रमाणित हर घर जल जिला बना, जहां सभी लोगों के लिए नल के माध्यम से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है।

**नोट:** जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय, जिले में केवल 36.54 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध था। जल जीवन मिशन 15 अगस्त 2019 को शुरू किया गया था। उद्देश्य: 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर जलापूर्ति करना।

55. इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2021 **नीति आयोग** संगठन ने जारी किया, जिसके अनुसार, भारत का सकल अनुसंधान एवं विकास व्यय (GERD) दुनिया में न्यूनतम (केवल 43 डॉलर प्रति व्यक्ति या GDP का 0.70%) है।

**नोट:** भारत को इस व्यय को बढ़ाने की आवश्यकता है और कम से कम रूस ($285), ब्राजील ($173), और मलेशिया ($293) जैसे देशों के बराबर करना जरूरी है। यह ब्राजील (1.16%), दक्षिण अफ्रीका (0.83%) इत्यादि से कम है। केवल मेक्सिको (0.31%) का GERD शेयर कम था।

56. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, नितिन गडकरी ने **नागपुर** शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग 547-E के सावनेर-धपेवाड़ा-गौंडखैरी खंड का उद्घाटन किया।

**नोट:** इस खंड की लंबाई 28.88 किमी है। सावनेर-धपेवाड़ा-गौंडखैरी खंड को चार लेन का बनाने से अडासा में गणेश मंदिर और धपेवाड़ा में विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर जैसे तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर संपर्क व्यवस्था प्राप्त होगी। चंद्रभागा नदी पर बने पुल से धापेवाड़ा में यातायात अवरोध से राहत मिलेगी।

57. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी NDDB MRIDA लिमिटेड को **पुरुषोत्तम रूपाला (केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री)** ने लॉन्च किया।

**नोट:** उद्देश्य: खाद प्रबंधन प्रयासों को संरचित प्रोत्साहन प्रदान करना। NDDB ने 1 जुलाई, 2022 को

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत NDDB MRIDA लिमिटेड (असूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी) की स्थापना की है। यह पाककर्म (कुकिंग) ईंधन को बायोगैस से प्रतिस्थापित करने के सद्गुण से किसानों को बचत में मदद करेगा।

**58.** पांच नई आर्द्रभूमियों के शामिल होने से, भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या **54** हो गई है।

**नोट:** तमिलनाडु: करिकिली पक्षी अभयारण्य, पल्लीकरनेई मार्श रिजर्व फॉरेस्ट और पिचवरम मैंग्रोव; मिजोरम: पाला आर्द्रभूमि; मध्य प्रदेश: साख्य सागर; रामसर आर्द्रभूमि अभिसमय (अंतर्राष्ट्रीय संधि) का उद्देश्य आर्द्रभूमियों का संरक्षण तथा संधारणीय उपयोग है।

**59.** राष्ट्र द्वारा संचालित **भारतीय निर्यात क्रेडिट गारंटी निगम (ECGC)** ने छोटे निर्यातकों की सहायता हेतु 90% तक विस्तारित निर्यात ऋण जोखिम बीमा कवर प्रदान करने के लिए एक नई योजना शुरू की।

**नोट:** यह एक्सपोर्ट क्रेडिट इंश्योरेंस फॉर बैंक होल टर्नओवर पैकेजिंग क्रेडिट एंड पोस्ट शिपमेंट (ECIB-WTPC & PS) के तहत है। इस योजना से ECGC WT-ECIB कवर रखने वाले बैंकों के साथ निर्यात ऋण प्राप्त करने वाले छोटे निर्यातकों को लाभ होगा।

**60.** भारत ने उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) के बीच छात्र गतिशीलता तथा शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के लिए **यूनाइटेड किंगडम** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** हस्ताक्षरकर्ता: यूनाइटेड किंगडम (यूके) के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग के स्थायी सचिव जेम्स बॉलर और भारत के शिक्षा मंत्रालय के सचिव (उच्च शिक्षा) संजय मूर्ति। मई 2021 में, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 2030 तक एक व्यापक दिशानिर्देश अपनाया गया था।

**61.** COP 26 के अध्यक्ष **आलोक शर्मा** ने नीति आयोग के साथ मिलकर दो महत्वपूर्ण पहल लॉन्च कीं - E-AMRIT और भारत के बाजार में उन्नत रासायनिक सेल वाली बैटरियों को दोबारा इस्तेमाल करने और उनकी री-साइक्लिंग करने संबंधी रिपोर्ट।

**नोट:** E-AMRIT (एक्सीलेरेटेड ई-मोबिलिटी रिवॉल्यूशन फॉर इंडियाज़ ट्रांस्पोर्टेशन) एक मोबाइल एप्लिकेशन है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर जागरूकता बढ़ाएगा। भारत उन 42 नेतृत्वकारी देशों में शामिल है जिन्होंने COP26 जलवायु शिखर सम्मेलन में लॉन्च किए गए यूके के ग्लासगो ब्रेकथ्रू का समर्थन किया तथा उस पर हस्ताक्षर किए।

**62.** **मालदीव** ने न्यायालय के डिजिटलीकरण में तेजी लाने तथा दोनों देशों में आईटी कंपनियों तथा स्टार्ट-अप के लिए संभावनाएं बढ़ाने के उद्देश्य से न्यायिक सहयोग हेतु भारत के साथ एक MoU हस्ताक्षर किया, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी।

**नोट:** न्यायिक सहयोग के क्षेत्र में भारत तथा अन्य देशों के बीच यह आठवां MoU है। भारत 1965 में मालदीव की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता प्राप्त करने वाला सबसे पहला देश था और देश के साथ अच्छे राजनयिक संबंध रखता है।

**63.** **कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL)** ने समुद्री क्षेत्र में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान-कोझीकोड (IIMK) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** उद्देश्य: तकनीकी, नियामक, वित्तीय तथा विपणन से समुद्री क्षेत्र में स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना। CSL और IIMK के बिजनेस इनक्यूबेटर लेबोरेटरी फॉर इनोवेशन वेंचरिंग एंड एंटरप्रेन्योरशिप (LIVE) की योजना हितधारकों को एक साथ लाने की है।

**64.** वह उद्योग **हिंडाल्को इंडस्ट्रीज** ने वाणिज्यिक एयरोस्पेस क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग तथा संयुक्त व्यवसाय बढ़ाने के लिए ऐकस के साथ एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** ऐकस ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (हिंडाल्को) द्वारा अपनी विनिर्माण इकाइयों और/या अपनी सहायक कंपनी, हिंडाल्को एल्मेक्स एयरोस्पेस लिमिटेड (HAAL) के माध्यम से बिलेट्स और एक्सट्रूज़न सहित कच्चे माल की आपूर्ति हेतु हस्ताक्षर किए। यह अंततः

वाणिज्यिक एयरोस्पेस OEM (मूल उपकरण निर्माता) द्वारा उपभोग किया जाएगा।

65. राष्ट्र द्वारा संचालित **तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)** ने गेल (GAIL) इंडिया और असम गैस कंपनी लिमिटेड (AGCL) के साथ उत्तरी त्रिपुरा के पनिसागर के अंतर्गत खुबल में एक गैस-विक्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** ONGC गेल एवं AGCL को 50,000 मानक घन मीटर (प्रति दिन) गैस की आपूर्ति करेगी और ONGC के खुबल गैस संग्रह स्टेशन से कुल 0.1 मिलियन मानक घन मीटर प्रति दिन (MSCMD) गैस की आपूर्ति की जाएगी। खुबल स्टेशन में 0.44 MSCMD गैस को संसाधित करने की क्षमता होगी।

66. भारत में हाई स्पीड ट्रेनों के निर्माण के उद्देश्य से **बीएफ इंफ्रास्ट्रक्चर** ने टैल्गो के साथ साझेदारी की।

**नोट:** टैल्गो, पेटेंट टैल्गो के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, यह स्पेन स्थित हाई स्पीड पैसेंजर ट्रेन निर्माता है। मुख्य उद्देश्य: भारतीय रेलवे में हाई स्पीड रेल प्रौद्योगिकी तथा समाधान लाना। हाल ही में, सरकार ने 200 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति के साथ 100 वंदे भारत ट्रेनों के लिए एक निविदा जारी की है।

67. **टाटा स्टील** ने प्रभावी खदान प्रबंधन हेतु ड्रोन आधारित खनन समाधान के लिए आरव अनमैन्ड सिस्टम्स (AUS) के साथ समझौता किया।

**नोट:** प्राथमिक लक्ष्य: संयुक्त रूप से दीर्घकालिक तथा पूर्णतया एकीकृत समाधान विकसित करना तथा उनकी पेशकश करना जिससे विवृत खनन (open cast mining) कार्यों की दक्षता, सुरक्षा एवं उत्पादकता पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। ये आद्यांत खनन समाधान मितव्ययी हैं, कम पैदल अन्वेषण आवश्यकताओं की मांग करते हैं, और उत्पादन, दक्षता एवं स्थान सुरक्षा में सुधार करते हैं।

68. राष्ट्र द्वारा संचालित **तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)** ने हरित हाइड्रोजन निर्माण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी ग्रीनको जीरो के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** उद्देश्य: नवीकरणीय ऊर्जा तथा ग्रीन हाइड्रोजन के अन्य व्युत्पन्नों में अवसर तलाशना। यह MoU सरकार के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है जिसका उद्देश्य देश को वैश्विक हरित हाइड्रोजन हब में परिवर्तित करना है। भारत 2030 तक प्रतिवर्ष 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

69. केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा कृषि गणना का **13वां** संस्करण (2021-22) शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य अपेक्षाकृत सूक्ष्म स्तर पर विभिन्न प्रकार के कृषि मापदंडों पर जानकारी प्रदान करना है।

**नोट:** कृषि गणना हर 5 वर्ष में होती है, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसमें देरी हुई। उन्होंने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के उपयोग के लिए गणना परिचालन संबंधी दिशानिर्देशों पर विवरण पुस्तिका जारी की, और डेटा कलेक्शन पोर्टल/ऐप लॉन्च किया।

70. मिस्र में स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन निर्माण केंद्र बनाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी **रीन्यू पावर (ReNew Power)** ने मिस्र सरकार के साथ 8 बिलियन डॉलर के निवेश हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** रीन्यू आगामी वर्षों में मिस्र में प्रतिवर्ष 220,000 टन स्वच्छ ईंधन का उत्पादन करेगी। रीन्यू को गोल्डमैन सैक्स ग्रुप और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी सहित कई निवेशकों का समर्थन प्राप्त है।

71. **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** ने हनीवेल के साथ 100 मिलियन डॉलर से अधिक के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** उद्देश्य: रखरखाव तथा सहायक सेवाओं सहित हिंदुस्तान ट्रेनर एयरक्राफ्ट (HTT-40) को ऊर्जा देने के लिए 88 TPE331-12B इंजन/किट की आपूर्ति तथा निर्माण करना। TPE331-12B इंजन इंटीग्रल इनलेट और गियरबॉक्स, द्वि-चरणीय अपकेंद्री संपीडक, पावर टर्बाइन, गियरबॉक्स, त्रि-चरणीय अक्षीय टर्बाइन तथा टर्बाइन एग्जॉस्ट डिफ्यूज़र युक्त एक सिंगल शाफ्ट टर्बोप्रॉप इंजन है।

72. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) द्वारा आयोजित पहली अखिल भारतीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) बैठक के उद्घाटन सत्र को **नरेंद्र मोदी** ने संबोधित किया।
**नोट:** उद्देश्य: DLSA में एकरूपता तथा समकालन लाने के लिए एक एकीकृत प्रक्रिया का निर्माण। देश में कुल 676 DLSA हैं और इसका नेतृत्व जिला न्यायाधीश करते हैं, जो प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

73. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना के लिए **उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य - पावर@2047** के ग्रैंड फिनाले में शामिल हुए।
**नोट:** कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड की विभिन्न हरित ऊर्जा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इस पहल में वित्त वर्ष 2025-26 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ डिस्कॉम को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव है।

74. ओला इलेक्ट्रिक तथा राजेश एक्सपोर्ट्स के साथ, **रिलायंस न्यू एनर्जी** ने भारत सरकार के 18,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत बैटरी सेल के निर्माण हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
**नोट:** सरकार ने कुल 50 गीगावाट घंटे की बैटरी स्टोरेज क्षमता के निर्माण के लिए इन कंपनियों का चयन किया था। यह अनुमान लगाया गया है कि एडवांस्ड केमेस्ट्री सेल (ACC) बैटरी स्टोरेज के लिए PLI योजना के फलस्वरूप विनिर्माण परियोजनाओं में लगभग 45,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष निवेश होगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. **हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर** ने राज्य की सीमाओं के भीतर महिला यात्रियों को राज्य की बसों में किराए में 50% की छूट प्रदान करने के लिए 'नारी को नमन' योजना शुरू की।
**नोट:** उन्होंने पूरे राज्य के सभी यात्रियों के लिए न्यूनतम बस किराए को 7 रुपये से घटाकर 5 रुपये करने की भी घोषणा की।

2. NTPC ने 10 गीगावाट अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क के विकास के लिए **राजस्थान** राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** राजस्थान के ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा, NTPC REL गुजरात के कच्छ के रण में 4.75 गीगावाट क्षमता की एक UMREPP विकसित कर रही है।

3. टाटा पावर ने एक ग्रीनफील्ड 4GW सौर सेल की स्थापना तथा 4 GW सौर मॉड्यूल निर्माण के लिए **तमिलनाडु** राज्य सरकार के साथ 3,000 करोड़ रुपये के निवेश हेतु एक MoU पर हस्ताक्षर कि।
**नोट:** संयंत्र तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में स्थापित किया जाएगा। टाटा पावर ने बैंगलोर में एक निर्माण इकाई भी बनाई है, जिसमें 635 मेगावाट मॉड्यूल तथा 500 मेगावाट सेल की उत्पादन क्षमता है।

4. विद्युत कंपनी **BESCOM, बेंगलुरु** ने EV चार्जिंग स्टेशनों के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 'EV मित्र' मोबाइल ऐप विकसित किया।
**नोट:** इससे पहले, BESCOM ने नीति आयोग तथा यूनाइटेड किंगडम की संयुक्त पहल में EV जागृति वेब पोर्टल पेश किया था। यह वेब पोर्टल इलेक्ट्रिक वाहनों की उपलब्धता, प्रोत्साहन, सहायता तंत्र तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से संबंधित राज्य सरकार की पहल पर राज्य विशिष्ट जानकारी प्रदान करता है।

5. **राजस्थान** विधानसभा में भारत में अपनी तरह का पहला 'स्वास्थ्य अधिकार विधेयक' पेश करने की योजना बना रही है।

**नोट:** सरकारी तथा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना। इससे पहले, सरकार ने रोगियों, परिचारकों तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकारों को परिभाषित करने वाला एक मसौदा विधेयक तैयार किया था।

6. **दिल्ली सरकार** ने 'मिशन कुशल कर्मी' कार्यक्रम शुरू किया।

   **नोट:** उद्देश्य: दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड में पंजीकृत मजदूरों को कौशल विकास प्रशिक्षण कोर्स प्रदान करना। सरकार उन कामगारों को 4,200 रुपये प्रदान करके काम के नुकसान की क्षतिपूर्ति भी करेगी जो कोर्स (15-दिवसीय कार्यक्रम) में शामिल होते हैं।यह कार्यक्रम दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी, सिम्प्लेक्स, NAREDCO तथा इंडिया विजन फाउंडेशन द्वारा संचालित है।

7. पश्चिम बंगाल में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुधारने के लिए दुर्गापुर तथा वर्धमान में NIXI के दो नए इंटरनेट एक्सचेंज प्वाइंट (IXP) का उद्घाटन किया।

   **नोट:** यह इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 1000-दिवसीय योजना के अंतर्गत आता है। कोलकाता में पहला इंटरनेट एक्सचेंज भी NIXI द्वारा संचालित है। इंटरनेट सेवा प्रदाता इन प्वाइंट पर जुड़ सकते हैं, और अपने उपयोगकर्ताओं को लाभ प्रदान कर सकते हैं।

8. श्यामा प्रसाद मुखर्जी RURBAN मिशन के तहत जून माह की डेल्टा रैंकिंग में **झारखंड** राज्य को पहला स्थान मिला।

   **नोट:** रिपोर्ट ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार "जीविका भी, जीवन भी" के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। उद्देश्य: ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करना। राज्य ने देश में 8वां स्थान अर्जित किया है।

9. **छत्तीसगढ़** राज्य सरकार को विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित 300 मिलियन डॉलर की स्कूली शिक्षा परियोजना के लिए केंद्र की सैद्धांतिक मंजूरी मिली।

   **नोट:** ऋण की अवधि: 5 वर्ष, राज्य सरकार को यह राशि 20 वर्षों की अवधि में चुकानी होगी। उद्देश्य: छत्तीसगढ़ की शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना। सैद्धांतिक मंजूरी: केंद्र सरकार को विश्व बैंक जैसे अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से राज्य के ऋण लेने में कोई आपत्ति नहीं है।

10. **त्रिपुरा** सरकार ने कोविड -19 के प्रकोप के बाद स्कूल छोड़ चुके लोगों को वापस लाने के लिए "अर्न विद लर्न" नामक एक नई योजना शुरू की है।

    **नोट:**यह योजना विद्यालय चलो अभियान (Let's go to school) का एक भाग है। महामारी के दौरान 6 से 14 आयु वर्ग के लगभग 8,000 विद्यार्थियों ने स्कूल छोड़ दिया था। राज्य सरकार ऐसे प्रत्येक कॉलेज छात्र को पुन: स्कूल भेजने के लिए 500 रुपये प्रति प्रवेश के रूप में पारितोषिक का भुगतान करेगी।

11. **दिल्ली** ने विद्यार्थियों के रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए UNICEF के साथ समझौता किया।

    **नोट:** दिल्ली की स्किल वर्सिटी ने रोजगार के अवसरों तक पहुंच को सक्षम बनाने के लिए UNICEF में YuWaah (जेनरेशन अनलिमिटेड इंडिया) के साथ साझेदारी की। एक अन्य स्तंभ, 'YuWaah स्टेप अप - बनो जॉब रेडी', छह महीने की योजना है जिसे DSEU के विद्यार्थियों के साथ फ्लाईव्हील डिजिटल सॉल्यूशंस प्राइवेट द्वारा संचालित किया जा रहा है।

12. **मेघालय** सरकार बाल्यावस्था शिक्षा कार्यक्रमों में निवेश करने के लिए बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं से 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

    **नोट:** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण निदेशालय (DERT), शिलांग के नए भवन का उद्घाटन किया। राज्य सरकार ने बाल्यावस्था शिक्षा कार्यक्रमों में निवेश करने के लिए दिशानिर्देश भी तैयार किए हैं।

13. **दिल्ली** सरकार ने सर्वोत्कृष्ट कर संग्रह तथा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली में आवासीय कल्याण संघ (RWA) की

सहभागिता बढ़ाने के लिए एक SAH-BHAGITA योजना शुरू की ।

**नोट:** RWA को अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए कुल संपत्ति कर संग्रह का 15% प्राप्त होगा। अपनी समितियों से 90% कर संग्रह प्राप्त करने पर, RWA अपने क्षेत्रों में कर संग्रह के 10% के विकास कार्य की सिफारिश कर सकता है जो 1 लाख रुपये की सीमा के अधीन है।

14. आंगनवाड़ी केन्द्रों में 'बाल वाटिका' के शुभारंभ के साथ केंद्र की नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने वाला देश का पहला राज्य **उत्तराखंड है।**

**नोट:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए पूरे राज्य में बाल वाटिका का उद्घाटन किया। यह राज्य के 4,457 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर काम करेगी और एक निजी स्कूल में नर्सरी कक्षाओं के बराबर होगी।

15. पुष्कर सिंह धामी ने एक e-FIR सेवा और राज्य पुलिस ऐप लॉन्च किया। वह भारत के **उत्तराखंड** राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

**नोट:** जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने हेतु उत्तराखंड पुलिस की सभी पांच ऑनलाइन सेवाओं को पुलिस ऐप में एकीकृत किया गया है। पांच ऑनलाइन सेवाएं: लक्ष्य नशा मुक्त उत्तराखंड, मेरी यात्रा, गौरा शक्ति, ट्रैफिक आई तथा पब्लिक आई। इसके अलावा, ऐप को साइबर हॉटलाइन नंबर 1930 तथा आपातकालीन नंबर 112 से भी लिंक किया गया है।

16. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के अध्यक्ष, उदय उमेश ललित ने **जयपुर, राजस्थान** में आयोजित 18वीं अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण बैठक के दौरान देश की पहली AI- संचालित डिजिटल लोक अदालत का शुभारंभ किया।

**नोट:** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RSLSA) की डिजिटल लोक अदालत को ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजीज (प्रौद्योगिकी साझेदार) द्वारा डिजाइन तथा विकसित किया गया था।

17. **केरल** राज्य के फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क को दूरसंचार विभाग से इंटरनेट सेवा प्रदाता (ISP) लाइसेंस मिला।

**नोट:** इसके साथ, केरल देश का पहला तथा एकमात्र राज्य बन गया, जिसके पास अपनी इंटरनेट सेवा है। BPL परिवारों और 30,000 सरकारी कार्यालयों को नि:शुल्क इंटरनेट प्रदान करने के लिए KFON की परिकल्पना की गई है। पिछली वामपंथी सरकार ने इंटरनेट कनेक्शन को मूल अधिकार घोषित किया था और 2019 में 1,548 करोड़ रुपये की KFON परियोजना शुरू की थी।

18. बोनालू भारत के **तेलंगाना (हैदराबाद और सिकंदराबाद)** राज्य में मनाया जाने वाला एक लोकप्रिय हिंदू पर्व है।

**नोट:** यह पर्व देवी महाकाली को समर्पित है। इस पर्व के दौरान, महाकाली के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है, जिनमें मैसम्मा, डोक्कलम्मा, पेदम्मा, पोचम्मा, येल्लम्मा, पोलेरम्मा और अंकलम्मा प्रमुख हैं। बोनालू आषाढ़ महीने (जुलाई-अगस्त) में मनाया जाता है।

19. स्वदेशी बुनकरों को सशक्त बनाने के लिए **हिमंत बिस्वा सरमा (असम के मुख्यमंत्री)** ने 'स्वनिर्भर नारी' योजना शुरू की।

**नोट:** योजना के अंतर्गत, राज्य सरकार एक वेब पोर्टल के माध्यम से सीधे स्वदेशी बुनकरों से हथकरघा वस्तुओं को खरीदेगी। सरकार ने हथकरघा एवं कपड़ा विभाग से असमिया गमोसा (पारंपरिक स्कार्फ या तौलिया) को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है, जो देश में एक अनूठा हथकरघा उत्पाद है।

20. व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (VLTD) युक्त सभी पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों को इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ERSS) से जोड़ने वाला भारत का पहला राज्य **हिमाचल प्रदेश**।

**नोट:** VLTD के माध्यम से वाहनों को देश में कहीं भी ट्रैक किया जा सकता है। इसकी निगरानी पुलिस तथा परिवहन दोनों विभाग द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक वाहनों में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन की सुविधा भी शुरू की।

21. **उत्तर प्रदेश** ने एक योजना दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू की।

**नोट:** उद्देश्य: राज्य सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों तथा उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करना। पात्र लोगों को बिना किसी वित्तीय सीमा के सरकारी संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों तथा अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी।

22. झारखंड के मुख्यमंत्री, **हेमंत सोरेन** ने राज्य में पर्यटन विकास के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु झारखंड पर्यटन नीति 2022 शुरू की।

**नोट:** राज्य की नई पर्यटन नीति राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरणीय पर्यटन तथा प्रोत्साहन पर केंद्रित है। नीति देवघर, पारसनाथ, मधुबन तथा इत्कोरी जैसे स्थलों के लिए नागरिक सुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण के तरीकों को अपनाने पर भी ध्यान दे रही है।

23. **असम** राज्य सरकार ने बराक घाटी में बराक भुबन वन्यजीव अभयारण्य (दूसरा वन्यजीव अभयारण्य) के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

**नोट:** बराक भुबन वन्यजीव अभयारण्य बराक नदी तथा सोनाई नदी के बीच 320 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला होगा। आठ अभिलिखित प्रजातियां: स्लो लोरिस, रीसस मैकाक, पिग-टेल्ड मैकाक, स्टंप-टेल्ड मैकाक, असमिया मैकाक, कैप्ड लंगूर, फायरेस लीफ मंकी और हूलॉक गिब्बन। यह किंग कोबरा के लिए भी एक महत्वपूर्ण पर्यावास है।

24. कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री, **डॉ. के. सुधाकर** ने जयनगर जनरल अस्पताल में कर्नाटक ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव (Ka-BHI) के तहत भारत के पहले ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन किया।

**नोट:** उद्घाटन समारोह विश्व मस्तिष्क दिवस (22 जुलाई) को आयोजित किया गया। Nimhans के सहयोग से ऐसे दो केंद्र चिक्कबलपुर और कोलार जिलों में खुलेंगे। कर्नाटक ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव (Ka-Bhi) के राजदूत रॉबिन उथप्पा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

25. **कर्नाटक** राज्य कैबिनेट ने राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य 'रोजगार नीति 2022-25' को मंजूरी दी।

**नोट:** यदि कोई उद्योग कार्यशील पूंजी को 50 करोड़ रुपये बढ़ाने की योजना बना रहा है, तो उसे कम से कम 30-50 नौकरियों का सृजन करना होगा। 100 करोड़ तक के निवेश को बढ़ाने के लिए, स्थानीय लोगों हेतु कम से कम 35 नौकरियों का सृजन करना होगा। अतिविशाल (अल्ट्रा मेगा) इकाइयों को, जिन्हें पहले न्यूनतम 400 रोजगार सृजित करने की आवश्यकता थी, अब 510 रोजगार का सृजन करना होगा।

26. केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह ने नागरिक को बिना पुलिस स्टेशन जाए ऑनलाइन FIR दर्ज कराने में सक्षम बनाने के लिए **गांधीनगर,** गुजरात राज्य में एक e-FIR फाइलिंग सिस्टम शुरू किया।

**नोट:** इस प्रणाली की मदद से नागरिकों को वाहन चोरी या मोबाइल फोन चोरी की शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं होगी। e-FIR सेवा को गुजरात राज्य पुलिस CCTV कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा गया है।

27. एशियाई विकास बैंक ने **हिमाचल प्रदेश** राज्य की सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना के लिए 96.3 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी।

**नोट:** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल सुधार एवं आजीविका परियोजना के तहत ऋण प्रदान किया गया है। उद्देश्य: 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में पाइप से जल पहुंचाना। यह जल आपूर्ति अवसंरचना को उन्नत बनाता है और सुरक्षित, संधारणीय एवं समावेशी ग्राम्य जलापूर्ति तथा स्वच्छता सेवाओं की सुनिश्चितता हेतु संस्थागत क्षमता को मजबूत करता है।

28. एप्लिकेशन आधारित प्रणाली, **'स्मार्ट ई-बीट'** को हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा गुरुग्राम में पुलिस की उपस्थिति और पुलिसकर्मियों द्वारा गश्त की वास्तविक समय निगरानी के लिए शुरू किया गया।

**नोट:** यह व्यवस्था गुरुग्राम में 'स्मार्ट पुलिसिंग इनिशिएटिव' (SPI) के तहत शुरू की गई है। इससे पहले बीट पर तैनात पुलिसकर्मी अपनी उपस्थिति

स्वयं दर्ज किया करते थे। लेकिन, यह GIS आधारित प्रणाली अधिक प्रभावी निगरानी को सक्षम बनाएगी।

29. **गुजरात** में सेमीकंडक्टर के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2022-27 शुरू करने वाला पहला राज्य।
**नोट:** यह पॉलिसी सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए प्रोत्साहन तथा सब्सिडी भी प्रदान करती है। राज्य सरकार ने नीति कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में गुजरात स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन भी शुरू किया है। वांछनीय परियोजनाओं को विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए पहली 200 एकड़ भूमि की खरीद पर 75% सब्सिडी दी जाएगी।

30. **केरल** सरकार अगस्त माह से अपनी ई-टैक्सी सेवा 'सवारी' शुरू करेगी।
**नोट:** यह ऑनलाइन टैक्सी हायरिंग सर्विस राज्य श्रम विभाग द्वारा शुरू की जा रही है जो राज्य में मौजूदा ऑटो-टैक्सी नेटवर्क को संयोजित कर रहा है। उद्देश्य: राज्य में मौजूदा किफायती दरों पर जनता के लिए सुरक्षित एवं विवाद मुक्त यात्रा सुनिश्चित करना। नई सेवा का शुभारंभ कनकक्कुन्नू पैलेस में आयोजित होने वाले एक समारोह में किया जाएगा।

31. **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री, एम.के. स्टालिन** ने कक्षा 1 से 5 तक के सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए ब्रेकफास्ट स्कीम शुरू करने की घोषणा की।
**नोट:** इस योजना पर 33.56 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सभी स्कूलों में बच्चों को नाश्ते में सांभर तथा सब्जियां दी जाएंगी। प्रत्येक विद्यार्थी को सब्जियों तथा सांबर के साथ 150-500 ग्राम नाश्ता (ब्रेकफास्ट) उपलब्ध कराया जाएगा।

32. **छत्तीसगढ़** राज्य महिला आयोग ने राज्य की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों तथा कानूनों से परिचित कराने के लिए 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा' का आयोजन किया।
**नोट:** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हरेली तिहार महोत्सव के अवसर पर 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ' को झंडी दिखाकर रवाना किया। महिलाओं के अधिकारों तथा संबंधित कानूनों के बारे में लघु फिल्मों, संदेशों तथा विवरणिका के माध्यम से जानकारी प्रसारित की जाती है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **बर्मन फैमिली** ग्रुप अब एवरेडी इंडस्ट्रीज का आधिकारिक प्रमोटर बन गया ।
**नोट:** बर्मन फैमिली संस्थाओं की निवेश फर्मों ने खुले बाजार से एवरेडी इंडस्ट्रीज की 14.55% हिस्सेदारी हासिल की थी और अब सामूहिक रूप से अधिकांश हिस्सेदारी का स्वामित्व रखती है। इससे पहले, बर्मन फैमिली ने एवरेडी इंडस्ट्रीज में 23.83% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। डाबर के अलावा, बर्मन फैमिली अन्य व्यवसायों का स्वामित्व रखती है जिसमें अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, लाइट बाइट फूड्स, हेल्थकेयर एट होम (HCAH) शामिल हैं।

2. अफ्रीका के **युगांडा** देश ने हाल ही में 31 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क की खोज की घोषणा की है, जिससे कुल 320,000 टन निष्कर्षणीय शुद्ध सोने का अनुमान है।
**नोट:** यह अब तक छोटे अनधिकृत खनिकों के प्रभुत्व वाले क्षेत्र को विकसित करने के लिए बड़े निवेशकों को आकर्षित करेगा। देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, युगांडा सरकार ने बुसिया जिले में सोने के उत्पादों का उत्पादन शुरू करने के लिए एक चीनी फर्म, वागागई गोल्ड माइनिंग कंपनी को लाइसेंस दिया है।

3. जयश्री वी. उल्लाल को फोर्ब्स की सूची 'अमेरिका की सबसे अमीर स्व-निर्मित महिला' के आठवें संस्करण में शामिल किया गया। वह **अरिस्टा नेटवर्क्स** फर्म की अध्यक्ष हैं।
**नोट:** अन्य भारतीय अमेरिकी: नीरजा सेठी, नेहा नारखेडे, इंद्रा नूई, रेशमा शेट्टी। ABC सप्लाई की

सह-संस्थापक तथा अध्यक्ष डायने हेंड्रिक्स ने सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया।

4. QS बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग 2023 के अनुसार, विद्यार्थियों के लिए सर्वश्रेष्ठ शहर **लंदन** हैं।

   **नोट:** अध्ययन के केंद्रीय क्षेत्र: वहनयोग्य, विद्यार्थी सुविधाएं, तथा विश्वविद्यालय मानक इत्यादि अन्य कारक। शीर्ष चार (दूसरे से पांचवें): सियोल, म्यूनिख, ज्यूरिख और मेलबर्न। भारत का सर्वोच्च रैंक वाला विद्यार्थी शहर मुंबई (103वां स्थान) है, इसके बाद बेंगलुरु (114वां स्थान) है। चेन्नई तथा दिल्ली ने इस वर्ष सूची में क्रमश: 125वां और 129वां स्थान हासिल किया।

5. यूएन वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2022 के 27वें संस्करण के अनुसार, भारत के **चीन** देश से आगे निकल कर 2023 में दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बनने का अनुमान है।

   **नोट:** 1,426 मिलियन जनसंख्या के साथ, चीन 2022 में दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश है। भारत की जनसंख्या 1,412 मिलियन दर्ज की गई है। वैश्विक जनसंख्या नवंबर, 2022 को 8 बिलियन तक पहुंच जाएगी जो 1950 में 2.5 बिलियन की जनसंख्या का तीन गुना है। 2050 तक, भारत की जनसंख्या 1,668 मिलियन तक पहुंच जाएगी।

6. **ड्यूश बाहन (DB),** स्टार एलायंस का दुनिया का पहला इंटरमॉडल पार्टनर बनेगा **।**

   **नोट:** नई साझेदारी के अंतर्गत, DB ग्राहक तथा स्टार एलायंस की सदस्य एयरलाइनों के यात्री जलवायु के अनुकूल ट्रेन में सहजता से अपनी यात्रा शुरू या समाप्त कर सकेंगे। नई स्टार एलायंस पहल में जर्मनी पहला बाजार है तथा DB दुनिया का पहला भागीदार है। DB तथा स्टार एलायंस के बीच यह साझेदारी लुफ्थांसा एक्सप्रेस रेल कार्यक्रम पर आधारित है।

7. भारत को **2022-2026** अवधि के लिए अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर (ICH) के संरक्षण हेतु यूनेस्को के 2003 कन्वेंशन की अंतर्शासकीय समिति का सदस्य चुना गया।

   **नोट:** अंतर्शासकीय समिति के लिए चुनाव दो दिवसीय महासभा के 2003 कन्वेंशन के दौरान पेरिस में यूनेस्को मुख्यालय में आयोजित हुए थे। भारत पहले ही 2006 से 2010 तथा 2014 से 2018 तक ICH समिति के सदस्य के रूप में कार्य कर चुका है।

8. **भारत** इंटरपोल के अंतरराष्ट्रीय बाल यौन शोषण (ICSE) डेटाबेस में शामिल होने वाला 68वां देश बना।

   **नोट:**यह ऑडियो-विजुअल डेटा का उपयोग करके पीड़ितों, दुर्व्यवहारियों तथा अपराध स्थल के बीच कड़ी जोड़ने की अनुमति देता है। CBI (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) इंटरपोल मामलों के लिए भारत की नोडल एजेंसी है। NCRB के आंकड़ों (2021) के अनुसार, उत्तर प्रदेश बच्चों के खिलाफ लैंगिक अपराधों की सूची में सबसे ऊपर है, इसके बाद महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु का स्थान है।

9. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2022 के अनुसार, 146 देशों में भारत की **135वीं** रैंक है

   **नोट:** भारत वर्ष 2021 में 156 देशों में 140वें स्थान पर था। शीर्ष 10 देश: आइसलैंड, फिनलैंड, नॉर्वे, न्यूजीलैंड, स्वीडन, रवांडा, निकारागुआ, नामीबिया, आयरलैंड, जर्मनी। सबसे खराब प्रदर्शन: अफगानिस्तान (146), पाकिस्तान (145), कांगो (144), ईरान (143) । भारत के पड़ोसी देश: बांग्लादेश (71), नेपाल (96), श्रीलंका (110), मालदीव (117) और भूटान (126)

10. बर्मन फैमिली संस्थाओं की निवेश फर्मों ने खुले बाजार से एवरेडी इंडस्ट्रीज की 14.55% हिस्सेदारी हासिल की थी और अब सामूहिक रूप से अधिकांश हिस्सेदारी का स्वामित्व रखती है।

    **नोट:** इससे पहले, बर्मन फैमिली ने एवरेडी इंडस्ट्रीज में 23.83% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। डाबर के अलावा, बर्मन फैमिली अन्य व्यवसायों का स्वामित्व रखती है जिसमें अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, लाइट बाइट फूड्स, हेल्थकेयर एट होम (HCAH) शामिल हैं।

11. **ब्रिटिश सरकार** ने यात्रियों को उनके अधिकारों के बारे में जानने में सहायता के उद्देश्य से "एविएशन पैसेंजर चार्टर" लॉन्च किया।

**नोट:** नया चार्टर यात्रियों को यह जानने में मदद करेगा कि निरस्तीकरण, देरी या सामान गुम होने की स्थिति में उन्हें क्या करना चाहिए। यदि काम योजना के अनुसार नहीं होते हैं, तो यात्रियों को उचित मुआवजा मिलेगा और हवाई अड्डों पर अव्यवस्थित परिदृश्य अस्वीकार्य हैं। जून 2022 में, यूके सरकार ने आगे के हंगामे से बचने हेतु 22-सूत्रीय सहायता योजना प्रकाशित की थी।

12. **केरल और अहमदाबाद** को 2022 के विश्व के महानतम स्थानों की खोज हेतु TIME मैग्ज़ीन की 50 असाधारण स्थलों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है।

    **नोट:** केरल: यह भारत के सबसे सुंदर राज्यों में से एक है। शानदार बीचों तथा हरे-भरे बैकवाटर के साथ, इसे अच्छे कारणों से "गॉड्स ओन कंट्री" कहा जाता है। अहमदाबाद: भारत का पहला यूनेस्को विश्व धरोहर शहर, अहमदाबाद, प्राचीन स्थलों तथा समकालीन नवाचारों दोनों का गौरव है।

13. **इंफोसिस** आईटी संगठन ने लाइफ साइंसेज कंसल्टिंग तथा टेक फर्म BASE लाइफ साइंस का €110 मिलियन के एक पूर्ण नकद सौदे में अधिग्रहण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।

    **नोट:** BASE लाइफ साइंस इंफोसिस में वाणिज्यिक, चिकित्सा, डिजिटल मार्केटिंग और नैदानिक कार्यक्षेत्र विशेषज्ञों को लाएगा। यह लाइफ साइंस कार्यक्षेत्र क्षमताओं को गहरा करने तथा पूरे यूरोप में इसकी पहुंच को मजबूत करने में भी मदद करेगा। BASE वीवा, IQVIA तथा सेल्सफोर्स जैसे सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ मिलकर काम करता है।

14. इंटरनेशन्स द्वारा प्रकाशित एक्सपैट इनसाइडर रैंकिंग, 2022 में **मेक्सिको** देश शीर्ष पर है।

    **नोट:** इसके बाद इंडोनेशिया, ताइवान, पुर्तगाल, स्पेन, UAE, वियतनाम, थाईलैंड का स्थान है। भारत 52 देशों के बीच 36वें स्थान पर है और मिस्र (35वें) तथा यूके (37वें) के मध्य में है, चीन को 33वें स्थान पर रखा गया है। निचले 10 देश: कुवैत (52), न्यूजीलैंड (51), हांगकांग (50), साइप्रस (49), लक्जमबर्ग (48), जापान (47), दक्षिण अफ्रीका (46वां), तुर्की (45वां), इटली (44वां) ), माल्टा (43वां)

15. **गौतम अडाणी (अडाणी ग्रुप के प्रमुख)** फोर्ब्स की रीयल-टाइम बिलियनेयर सूची के अनुसार, 115.5 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति।

    **नोट:** अडाणी ग्रुप के शेयरों में तेज उछाल के कारण अडाणी की संपत्ति में 2.9 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अपनी संपत्ति में से 20 बिलियन डॉलर बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन को दान करने की घोषणा की है। फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी को 10वें स्थान पर रखा गया (कुल संपत्ति: 87.7 बिलियन डॉलर)।

16. हेनले एंड पार्टनर्स (एक आप्रवासन परामर्श कंपनी) के हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2022 के अनुसार, दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों की सूची में भारत का स्थान **87वां** है।

    **नोट:** शीर्ष 10: जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, स्पेन, फिनलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क भारत के पड़ोसी देश: भूटान (93वां), म्यांमार (99वां), श्रीलंका (103वां), बांग्लादेश (104वां) और पाकिस्तान (109वां), चीन (69वां) दुनिया में सबसे खराब पासपोर्ट: अफगानिस्तान, इराक तथा सीरिया

17. **माइक्रोसॉफ्ट** ने घोषणा की है कि वह व्यक्तिगत अभिव्यक्ति हेतु उपकरण प्रदान करने के साथ-साथ कम्यूनिटी तथा कनेक्शन बनाने के उद्देश्य से टीम्स में एक नया ऐप 'वीवा एंगेज' लॉन्च करेगा।

    **नोट:** यह प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को कई भूमिकाएं तथा कार्य प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उन्हें संबद्धता का अनुभव कराते हैं। यह सोशल ऐप टीम्स तथा माइक्रोसॉफ्ट 365 के लिए कम्यूनिटी ऐप की मौजूदा क्षमताओं पर आधारित है।

18. विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत द्वारा 2021 में धन विप्रेषण के रूप में **87 बिलियन डॉलर** धनराशि प्राप्त की गई और वह शीर्ष धन विप्रेषण प्राप्तकर्ता बन गया।

**नोट:** 2020 में धन विप्रेषण के लिए अमेरिका सबसे बड़ा स्रोत देश था, इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और स्विट्जरलैंड का स्थान है। 2021 में, भारत, चीन, मैक्सिको, फिलीपींस (36 बिलियन डॉलर) और मिस्र (33 बिलियन डॉलर) वर्तमान अमेरिकी डॉलर में शीर्ष पांच धन विप्रेषण प्राप्तकर्ता थे।

**19.** **बवेरियन नॉर्डिक (BAVA.CO)** कंपनी को मंकीपॉक्स से बचाव के लिए अपनी इम्वैनेक्स वैक्सीन हेतु यूरोपियन कमीशन की मंजूरी मिली।

**नोट:** इम्वैनेक्स को चेचक की रोकथाम के लिए 2013 से यूरोपीय संघ में मंजूरी प्राप्त है। मंकीपॉक्स और चेचक के बीच समानता के कारण इसे मंकीपॉक्स की संभावित वैक्सीन माना गया है। हाल ही में, WHO ने मंकीपॉक्स को एक अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

**20.** भारत ने नियर ईस्ट में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए यूनाइटेड नेशंस रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी (UNRWA) में **2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर** धनराशि का योगदान दिया है।

**नोट:** भारत UNRWA का एक समर्पित संदाता है और 2018 से मध्य पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए मुख्य UNRWA सेवाओं के समर्थन में 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान किए हैं। UNRWA की स्थापना 1949 में एक मानवीय एजेंसी के रूप में की गई थी। यह एजेंसी संदाता देशों से पूर्णतया स्वैच्छिक अंशदान और अनुदान के माध्यम से वित्त पोषित है।

**21.** **वसीफा नाज़रीन** पाकिस्तान प्रशासित दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी K2 पर चढ़ने वाली पहली बांग्लादेशी बनी।

**नोट:** वह 8611 मीटर ऊंची K2 पर्वत चोटी पर चढ़ीं। वसीफा नाज़रीन 2012 में माउंट एवरेस्ट पर भी चढ़ाई कर चुकी हैं और वह ऐसा करने वाली बांग्लादेश की दूसरी महिला हैं। टीम में मिंगमा तेनज़ी शेरपा, मिंगमा डेविड शेरपा और निर्मल पुरजा जैसे दुनिया के कुछ प्रख्यात पर्वतारोही सहित 21 पर्वतारोही शामिल थे।

**22.** एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित वर्ल्ड एयरपोर्ट ट्रैफिक डेटासेट के अनुसार, 2021 के लिए दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डों की सूची में दिल्ली हवाई अड्डे का स्थान **तेरहवां** है।

**नोट:** IGIA ने 2021 में 3.7 करोड़ यात्रियों का आवागमन दर्ज किया है। हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (ATL) 7.6 करोड़ यात्रियों आवागमन के साथ 2021 की रैंकिंग में शीर्ष पर है। एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल मुख्यालय: मॉन्ट्रियल, कनाडा; अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस: 7 दिसंबर

**23.** कोटक प्राइवेट बैंकिंग-हुरुन सूची के अनुसार, रोशनी नादर मल्होत्रा को 2021 में 84,330 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारत की सबसे अमीर महिला का खिताब दिया गया है, वह **HCL टेक्नोलॉजीज** की अध्यक्ष हैं।

**नोट:** फाल्गुनी नायर (नायका की संस्थापक एवं CEO) को 57,520 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारत की दूसरी सबसे अमीर महिला का स्थान दिया गया। फाल्गुनी नायर सबसे अमीर स्व-निर्मित महिला भी हैं। किरण मजूमदार-शॉ (बायोकॉन की संस्थापक एवं CEO) 29,030 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

**24.** देश की अस्थिर मुद्रा को नष्ट करने वाली मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए **जिम्बाब्वे** ने "मोसी-ओ-तुन्या" नामक सोने के सिक्के लॉन्च किए।

**नोट:** इसकी घोषणा रिजर्व बैंक ऑफ जिम्बाब्वे (केंद्रीय बैंक) ने की, जिसने वाणिज्यिक बैंकों को 2,000 सिक्के वितरित किए हैं। सिक्कों को चल संपत्ति का दर्जा दिया गया है, जिसे आसानी से नकदी में बदला जा सकता है। सिक्कों का उपयोग व्यक्ति या कंपनियां कर सकती हैं। वे बैंकों तथा अन्य अधिकृत केंद्रों से सिक्के खरीद सकते हैं।

**25.** ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 11.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया की सबसे अमीर महिला **सावित्री जिंदल (72 वर्षीय, भारतीय)** बनी।

**नोट:** उन्होंने चीन की यांग हुइयां की जगह ली जिनकी कुल संपत्ति 11.0 बिलियन डॉलर है। चीन के सबसे बड़े रियल एस्टेट डेवलपर कंट्री गार्डन होल्डिंग्स की नियंत्रक हिस्सेदारी धारक हुइयां की संपत्ति गिरकर

आधी हो गई जो पिछले वर्ष के लगभग 24 बिलियन डॉलर से घटकर 11 बिलियन डॉलर रह गई। सावित्री जिंदल अपने पति ओ.पी. जिंदल की मृत्यु के बाद जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष बनीं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. गुणवत्ता पहल के माध्यम से भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में योगदान हेतु **अशोक सूता को** CII क्वालिटी रत्न अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया।
   **नोट:** वह हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज के संस्थापक तथा कार्यकारी अध्यक्ष हैं। भारत में क्वालिटी मूवमेंट में उत्कृष्ट नेतृत्व, योगदान तथा विशिष्ट सेवा के लिए वर्ष 2019 में वार्षिक CII क्वालिटी रत्न अवॉर्ड की शुरुआत की गई थी।
2. यूके संसद द्वारा आयुर्वेद रत्न पुरस्कार से **AIIA की निदेशक, तनुजा नेसारी को** सम्मानित किया गया।
   **नोट:** उन्हें भारत तथा विदेशों में आयुर्वेद के विकास को आगे बढ़ाने में उनके योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया। यूनाइटेड किंगडम तथा विदेशों में आयुर्वेद, योग, ज्योतिष, वास्तु, यूनानी तथा संगीतम के ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पारंपरिक विज्ञान पर सर्वदलीय संसदीय समूह का गठन किया गया था।
3. VLCC फेमिना मिस इंडिया के ग्रैंड फिनाले में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2022 का ताज **सिनी शेट्टी (कर्नाटक) को** पहनाया गया।
   **नोट:** राजस्थान की रुबल शेखावत फेमिना मिस इंडिया 2022 फर्स्ट रनर-अप तथा उत्तर प्रदेश की शिनाता चौहान फेमिना मिस इंडिया 2022 सेकेंड रनर-अप बनीं। वह प्रतिष्ठित 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
4. **HCL टेक** को हेल्थकेयर एंड लाइफ साइंसेज (वैश्विक विजेता) के लिए माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर ऑफ द ईयर अवार्ड और 2022 यूके माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर ऑफ द ईयर अवार्ड (राष्ट्र विजेता) से सम्मानित किया गया।
   **नोट:** इन पुरस्कारों ने उन माइक्रोसॉफ्ट साझेदारों को सम्मानित किया है जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान उत्कृष्ट माइक्रोसॉफ्ट-आधारित एप्लीकेशनों, सेवाओं तथा उपकरणों को विकसित तथा वितरित किया है।
5. राष्ट्र के स्वामित्व वाले किस संगठन को "मोस्ट प्रिफर्ड वर्कप्लेस 2022" के प्रीमियर संस्करण में "2022 के सबसे पसंदीदा कार्यस्थल" का सम्मान **NTPC को** दिया गया।
   **नोट:** इसका आयोजन टीम मार्क्समेन ने इंडिया टुडे के सहयोग से किया। यह दर्शाता है कि संगठन संगठनात्मक प्रदर्शन के साथ-साथ कर्मचारी के कल्याण, कार्य व्यस्तता तथा उत्पादकता का प्रबंधन कैसे करते हैं।
6. 2014 में पुरस्कार जीतने वाली मरियम मिर्जाखानी (ईरानी) के बाद गणित के लिए फील्ड मेडल जीतने वाली दूसरी महिल **मैरीना वियाज़ोवस्का (यूक्रेनी गणितज्ञ) है।**
   **नोट:** अन्य विजेता: फ्रांसीसी ह्यूगो डुमिनिल-कोपिन, कोरियाई-अमेरिकी जून हुह, ब्रिटिश जेम्स मेनार्ड। फील्ड मेडल अंतर्राष्ट्रीय गणितीय संघ (IMU) द्वारा प्रदान किया जाता है।
7. कला के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए NRI वर्ल्ड समिट 2022, यूनाइटेड किंगडम में हिंदुजा ग्रुप की सह-अध्यक्ष जी.पी. हिंदुजा से प्रतिष्ठित शिरोमणि पुरस्कार **मिशेल पूनावाला** ने प्राप्त किया।
   **नोट:** वह हाउस ऑफ लॉर्ड्स, यूके में एक वक्ता थीं। अन्य विजेता: साधु ब्रामविहारी, लॉर्ड रामी रैंजर, रीता हिंदुजा छाबड़िया, डॉ. कामेल होथी ओबीई और फाल्गुनी शेन पीकॉक।
8. डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के राष्ट्रपति **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** की स्मृति में अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में लोक प्रशासन में स्मृति पुरस्कार स्थापित करने की घोषणा की।

**नोट:** डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने नई दिल्ली में IIPA भवन परिसर की आधारशिला रखी थी। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (IIPA) की कार्यकारी परिषद की 320वीं बैठक की अध्यक्षता डॉ. जितेंद्र सिंह ने की।

9. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के 'पूर्व मुख्य अर्थशास्त्रियों की दीवार' पर शामिल होने वाली पहली महिला तथा दूसरी भारतीय **गीता गोपीनाथ है।**

**नोट:** गोपीनाथ ने अक्टूबर 2018 से तीन वर्ष तक IMF की मुख्य अर्थशास्त्री के पद पर कार्य किया। रघुराम राजन, पहले भारतीय थे जिन्हें IMF के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्रियों की दीवार पर शामिल किया गया था। उन्होंने 2003 तथा 2006 के बीच IMF के मुख्य अर्थशास्त्री तथा अनुसंधान निदेशक के पद पर कार्य किया।

10. जापान सरकार ने नारायणन कुमार को 'ऑर्डर ऑफ द राइजिंग सन, गोल्ड एंड सिल्वर स्टार' पुरस्कार से सम्मानित किया, वह **सनमार ग्रुप** कंपनी के उपाध्यक्ष हैं।

**नोट:** उन्हें यह सम्मान जापान तथा भारत के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया। उन्हें चेन्नई में तागा मासायुकी (जापान के महावाणिज्य दूत) ने सम्मानित किया। वह इंडो-जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख भी हैं और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

11. दक्षिण कोरिया के येऑसु शहर में आयोजित फाइनल में मिसेज यूनिवर्स डिवाइन टाइटल 2022 **पल्लवी सिंह** ने जीता।

**नोट:** वह कानपुर से हैं, और मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में एशिया की एकमात्र प्रतियोगी थीं। पल्लवी सिंह ने 2020 में जयपुर में आयोजित मिसेज इंडिया तथा एशिया स्तर की प्रतियोगिता में मिसेज इंडो-एशिया यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया।

12. **जापान के** पूर्व प्रधान मंत्री शिंजो आबे को मरणोपरांत राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान सुप्रीम ऑर्डर ऑफ द क्रिसैन्थमम से सम्मानित करने का फैसला किय।

**नोट:** शिंजो आबे सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले जापान के प्रधानमंत्री थे और वह युद्ध के बाद के संविधान के अंतर्गत पुरस्कार प्राप्त करने वाले चौथे पूर्व प्रधान मंत्री होंगे। उन्हें सार्वजनिक कार्य के क्षेत्र में "असाधारण तथा विशिष्ट सेवा" के लिए पद्म विभूषण (2021) से सम्मानित किया गया था।

13. मदर टेरेसा मेमोरियल अवार्ड, 2021 से **दीया मिर्जा और अफरोज शाह** को सम्मानित किया गया।

**नोट:** पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु। दीया मिर्जा संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण सद्भावना राजदूत हैं और अफरोज शाह को 2016 में 'यूएन चैंपियन ऑफ द अर्थ' से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार की शुरुआत हार्मनी फाउंडेशन द्वारा की गई थी। हार्मनी फाउंडेशन के संस्थापक: अब्राहम मथाई और सुसान अब्राहम।

14. **राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी** ने अपने समग्र प्रदर्शन के लिए सरदार पटेल उत्कृष्ट ICAR संस्थान पुरस्कार 2021 (बड़े संस्थान श्रेणी में) प्राप्त किया।

**नोट:** श्रीनिवास राव (NAARM के निदेशक) ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से पुरस्कार प्राप्त किया।

15. विद्युत उत्पादन उत्सर्जन को कम करते हुए परिवहन विद्युतीकरण एवं ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्लोबल एनर्जी प्राइज़ **कौशिक राजशेखर** ने जीता।

**नोट:** वह ह्यूस्टन यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग के भारतीय मूल के प्रोफेसर हैं। 43 देशों के रिकॉर्ड 119 नामांकन में से इस वर्ष सम्मान के लिए दुनिया में केवल तीन लोगों का चयन किया गया था।

16. अभिनेता **सूर्या (सोरारई पोटरु के लिए)** ने अजय देवगन के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 68वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022 जीता।

**नोट:** अपर्णा बालमुरली को उनकी फिल्म 'सोरारई पोटरु' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म: सोरारई पोटरु सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: सच्चिदानंदन केआर, अय्यप्पनम कोशियुम; सर्वश्रेष्ठ

फीचर फिल्म (हिंदी): तुलसीदास जूनियर; अत्यधिक फिल्म अनुकूल राज्य: मध्य प्रदेश; सर्वश्रेष्ठ ऑडियोग्राफी: डोलू (कन्नड़)

17. अभिनेता **कमल हासन** को 10 वर्षों के लिए संयुक्त अरब अमीरात सरकार से प्रतिष्ठित गोल्डन वीजा प्राप्त हुआ।
**नोट:** कमल हसन से पहले नासेर, मामूट्टी, मोहनलाल, टोविनो थॉमस, पार्थिएपन, अमला पॉल और शाहरुख खान समेत कई कलाकारों को यह सम्मान मिल चुका है। संयुक्त अरब अमीरात गोल्डन वीज़ा एक दीर्घकालिक आवास वीजा प्रणाली है, जो पांच से 10 वर्षों तक विस्तारित होती है। यह विभिन्न क्षेत्रों के प्राप्तकर्ताओं, पेशेवरों, निवेशकों और आशाजनक योग्यताओं वाले लोगों को प्रदान किया जाता है।

18. यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा युद्ध के समय के प्रयासों के लिए सर विंस्टन चर्चिल लीडरशिप अवार्ड से **वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की (यूक्रेनी राष्ट्रपति)** को सम्मानित किया गया।
**नोट:** उन्होंने लंदन ऑफिस ऑफ जॉनसन में आयोजित एक समारोह के दौरान वीडियो लिंक द्वारा पुरस्कार स्वीकार किया। चर्चिल लीडरशिप अवॉर्ड पहली बार 2006 में प्रदान किया गया था।

19. दिनेश शाहरा फाउंडेशन (DSF) ने **संगीत** के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए अपनी तरह का पहला 'दिनेश शाहरा लाइफटाइम अवार्ड' स्थापित किया।
**नोट:** इस पहल को इंडियन आर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी का समर्थन प्राप्त है। इसकी घोषणा DSF के ट्रस्टी दिनेश शाहरा ने हाल ही में मुंबई में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम "मौसिकी" के दौरान की थी। इस सम्मान में ट्रॉफी तथा एक अहम नकद राशि भी समाविष्ट होगी।

20. कनाडाई विद्वान, **जेफरी आर्मस्ट्रांग** को भारतीय क्षेत्र में अध्ययन, शिक्षण तथा अनुसंधान में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के डिस्टिंगुइश्ड इंडोलॉजिस्ट फॉर 2021 पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**नोट:** वे वैदिक विज्ञान एवं कला अकादमी के संस्थापक हैं और भगवद गीता कम्स अलाइव के लेखक हैं। पहली वर्ल्ड इंडोलॉजी कॉन्फ्रेंस के दौरान 2015 में ICCR डिस्टिंगुइश्ड इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार की शुरुआत की गई थी।

## खेल समाचार

1. स्टॉकहोम में आयोजित प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट में 89.94 मीटर दूर भाला फेंककर रजत पदक जीतने वाले भाला फेंक खिलाड़ी **नीरज चोपड़ा है।**
**नोट:** उन्होंने एक महीने में दूसरी बार अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड (89.30 मीटर) तोड़ा। एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडियन एथलीट) ने 90.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले, उन्होंने तुर्कू (फिनलैंड) में पावो नूरमी गेम्स में रजत पदक जीता था।

2. आगामी खेलों, बर्मिंघम राष्ट्रमंडल 2022, हांग्जो एशियाई खेल 2022 और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) का प्रमुख प्रायोजक बनने वाला स्पोर्ट्स ब्रांड **अडाणी स्पोर्ट्सलाइन है।**
**नोट:** टोक्यो ओलंपिक के बाद यह दूसरी बार है जब अडाणी ग्रुप ने IOA के साथ समझौता किया है।

3. इयोन मॉर्गन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, वह **इंग्लैंड** देश से संबंधित है।
**नोट:** उनकी कप्तानी में, इंग्लैंड की टीम ने 2019 में लॉर्ड्स में अपनी पहली ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी जीती। वह कैरेबिया में आयोजित 2010 ICC पुरुष T20 क्रिकेट विश्व कप में इंग्लैंड की ओर से खेले।

4. सिल्वरस्टोन में अपनी पहली फॉर्मूला वन ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स 2022 **कार्लोस सैन्ज़ (फेरारी ड्राइवर) ने** जीती।

**नोट:** उन्होंने रेड बुल के सर्जियो पेरेज़ और मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन को हराया। वर्ल्ड चैंपियन, मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल) सातवें स्थान पर रहे। चार्ल्स लेक्लर्क चौथे स्थान पर रहे, उनके बाद अल्पाइन के फर्नांडो अलोंसो तथा मैकलारेन के लैंडो नॉरिस रहे।

5. स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में 29 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में एक ओवर में अधिकतम रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड **जसप्रीत बुमराह ने** बनाया।
   **नोट:** उन्होंने ब्रायन लारा के रिकॉर्ड को भी एक रन से तोड़ा। विश्व रिकॉर्ड 18 वर्ष तक लारा के नाम रहा, उन्होंने 2003-04 में एक टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर रॉबिन पीटरसन के ओवर में 28 रन बनाए थे।

6. जापान के केंटो मोमोटा को हराकर 2022 मलेशिया ओपन का खिताब **विक्टर एक्सेल्सन (डेनिश) ने** जीता।
   **नोट:** महिला एकल: रैचानॉक इंथानॉन (थाईलैंड)
   - पुरुष युगल: ताकुरो होकी (जापान), यूगो कोबायाशी (जापान)
   - महिला युगल: अप्रियानी रहायु (इंडोनेशिया); सीती फादिया सिल्वा रामाधंती (इंडोनेशिया)
   - मिश्रित युगल: झेंग सिवेई (चीन), हुआंग याकिओंग (चीन)

7. दो भारतीय महिला मुक्केबाज, अल्फिया पठान (81 किग्रा) तथा गीतिका ने **नूर-सुल्तान, कजाकिस्तान** मे आयोजित एलोर्डा कप में स्वर्ण पदक जीता।
   **नोट:** कलाइवानी श्रीनिवासन तथा जमुना बोरो ने रजत पदक हासिल किया। अल्फिया ने 2016 विश्व चैंपियन, लज्जत कुंगेइबायेवा को 5-0 के अंतर से हराया। गीतिका ने अखिल भारतीय महिला 48 किग्रा के फाइनल में कलाइवानी को हराया।

8. **न्यूजीलैंड** देश ने अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू दोनों स्तरों पर महिला खिलाड़ियों को सभी प्रारूपों तथा प्रतियोगिताओं में पुरुषों के समान मैच फीस प्रदान करने के लिए एक पंचवर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।
   **नोट:** समझौता 1 अगस्त से प्रभावी होगा। समझौता के अनुसार, पेशेवर महिला खिलाड़ियों को यात्रा, आवास तथा व्यापक खेल एवं प्रशिक्षण वातावरण जैसे मामलों में समानता प्राप्त होगी।

9. लंदन में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्जियोस को हराकर विंबलडन 2022 का खिताब **नोवाक जोकोविच ने** जीता।
   **नोट:** रोजर फेडरर, पीट सम्प्रास तथा ब्योर्न बोर्ग के बाद वह ओपन एरा में लगातार चार खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए। यह जोकोविच का 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब है। कजाकिस्तान की टेनिस खिलाड़ी एलेना रिबाकिना ने महिला एकल का खिताब जीता।

10. बर्मिंघम, अलबामा, अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड गेम्स के 11वें संस्करण में मिश्रित टीम के तीरंदाजी जोड़ी **अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम** ने कांस्य पदक जीता।
    **नोट:** कांस्य पदक के राउंड में, टीम ने कनाडा की एंड्रिया बैसेरा और मिगुएल बैसेरा को हराया। अभिषेक वर्मा कंपाउंड तीरंदाजी के सभी चरणों (वर्ल्ड गेम्स, विश्व चैंपियनशिप, विश्व कप फाइनल, विश्व कप, एशियाई खेल, एशियाई चैंपियनशिप) में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय तीरंदाज हैं।

11. 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच 36वें राष्ट्रीय खेल **गुजरात मे** आयोजित किए जाएंगे।
    **नोट:** प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सात वर्ष के अंतराल के बाद आयोजित की जा रही है, पिछली बार यह 2015 में केरल में आयोजित की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2010 में गुजरात में 'खेल महाकुंभ' पहल शुरू की थी जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे। राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिक्स, हॉकी सहित अन्य 34 खेल प्रतियोगिताएं होंगी।

12. भारतीय निशानेबाज **अर्जुन बाबुता** ने दक्षिण कोरिया के चांगवन में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप चरण में 10 मीटर एयर राइफल में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।
    **नोट:** उन्होंने टोक्यो 2020 में रजत पदक जीतने वाले लुकास कोजेनिएस्कि (अमेरिका) को हराया। इज़राइल के सर्गेई रिक्टर को 259.9 के स्कोर के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा और भारत के पार्थ मखीजा चौथे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय टीम के नए विदेशी राइफल

कोच थॉमस फार्निक की निगरानी में यह भारत का पहला पदक था।

13. गिजोन चेस मास्टर्स 2022 **डी. गुकेश** ने जीता।

**नोट:** ब्राजील के ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंडर फियर 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि स्पेन के इंटरनेशनल मास्टर पेड्रो एंटोनियो गिन्स छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश की FIDE रेटिंग 2693 हो गई। यदि वह 2700 की ईलो रेटिंग को पार कर लेते हैं, तो वह विश्वनाथन आनंद, कृष्णन शशिकिरन, पी. हरिकृष्णा, विदित गुजराती और बी. अधिबान के बाद ऐसा करने वाले छठे भारतीय बन सकते हैं।

14. FI ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स 2022 का खिताब **फेरारी के चार्ल्स लेक्लर्क** ने जीता।

**नोट:** मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल) और सात बार के विश्व चैंपियन, लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज) क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। 2022 ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स 10 जुलाई 2022 को ऑस्ट्रिया के स्पीलबर्ग में रेड बुल रिंग में आयोजित एक F1 मोटर रेस थी।

15. फिनलैंड के टाम्परे में 2022 वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक विजेता **भगवानी देवी डागर** हैं।

**नोट:** उन्होंने 100 मीटर की दौड़ में 24.74 सेकंड का समय लिया और गोला फेंक में कांस्य पदक भी जीता ।वह हरियाणा के खिडका गांव से हैं। वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 35 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के एथलीटों के लिए एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) की एक प्रतियोगिता है।

16. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने पुरुषों की श्रेणी में प्लेयर ऑफ जून 2022 **जॉनी बेयरस्टो (इंग्लैंड)** को नामित किया गया।

**नोट:** महिला खिलाड़ी: बल्लेबाज मारिजैन कप (दक्षिण अफ्रीका)। जॉनी बेयरस्टो ने मई 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बाद यह खिताब हासिल किया।

17. **मेहुली घोष और शाहू तुषार माने (भारत)** ने दक्षिण कोरिया में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप चरण में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

**नोट:** भारतीय टीम ने हंगरी के इस्ज्टेर मेस्ज़ारोस और इस्तवान पेन को 17-13 से हराया। एक अन्य भारतीय जोड़ी पलक तथा शिवा नरवाल ने कजाकिस्तान की इरिना लोकशिओनोवा और वेलेरी राखिमज़ान को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

18. भारतीय ओलंपिक संघ ने आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 215 एथलीटों और 107 अधिकारियों एवं सहायक कर्मचारियों सहित 322-सदस्यीय दल की घोषणा की। मिशन के प्रमुख **राजेश भंडारी** कौन हैं।

**नोट:** खेलों का आयोजन 28 जुलाई से 8 अगस्त तक ब्रिटिश शहर में होना है। भारतीय टीम 15 खेलों के साथ-साथ पैरा स्पोर्ट्स श्रेणी में चार विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेगी।

19. टोक्यो वर्ष **2025** में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।

**नोट:** अमेरिका के ओरेगन में आयोजित विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में, परिषद ने यह घोषणा भी की है कि 2024 विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप क्रोएशिया के मेडुलिन और पुला में आयोजित की जाएगी। 2026 विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप तल्हासी, फ्लोरिडा में आयोजित की जाएगी। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 19वां संस्करण हंगरी के बुडापेस्ट (2023) में आयोजित किया जाएगा।

20. सर्बिया में पैरासिन ओपन 'A' शतरंज टूर्नामेंट 2022 **आर. प्रगानंनदा** ने जीता।

**नोट:** एलेक्जेंडर प्रेडके (रूसी खिलाड़ी) ने 7.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, उनके बाद अलीशर सुलेमेनोव (कजाखस्तान के खिलाड़ी) तीसरे स्थान पर थे। युवा भारतीय इंटरनेशनल मास्टर वी. प्रणव 6.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर तथा भारत के ग्रैंडमास्टर अर्जुन कल्याण सातवें स्थान पर रहे।

**21.** शेली-एन फ्रेजर-प्राइस जिन्होंने यूजीन, ओरेगॉन में अपना रिकॉर्ड पांचवां विश्व 100 मीटर खिताब जीता, **जमैका** से संबंधित है।

**नोट:** वह इससे पहले 2009, 2013, 2015 और 2019 में ब्लू रिबैंड प्रतिस्पर्धा जीत चुकी हैं, उन्होंने 10.67 सेकंड के रिकॉर्ड समय में चैंपियनशिप जीती। शेरिका जैक्सन (जमैका) ने 10.73 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ में रजत जीता और चार बार की ओलंपिक दौड़ चैंपियन इलेन थॉम्पसन-हेराह (जमैका) ने कांस्य (10.81) जीता। अमेरिका के फ्रेड केर्ली ने पुरुषों की विश्व 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

**22.** सिंगापुर ओपन के फाइनल में मौजूदा एशियाई चैंपियन, चीन की वांग झी यी को 21-9, 11-21, 21-15 से हराकर अपने करियर का पहला सुपर 500 खिताब **पी.वी. सिंधु** ने जीता।

**नोट:** यह उनका पहला 500 या 2019 में विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद से बेहतर प्रदर्शन है। यह 2022 में उनका पहला 500 या बेहतर फाइनल है। एंथनी सिनिसुका गिनटिंग (इंडोनेशिया) ने जापानी खिलाड़ी नारोका कोडाई को हराकर बैडमिंटन के सिंगापुर ओपन 2022 में पुरुष एकल का खिताब जीता।

**23.** दक्षिण कोरिया के चांगवॉन में 2022 ISSF विश्व कप में पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बनकर **मैराज अहमद खान** ने इतिहास रचा।

**नोट:** उन्होंने फाइनल में स्वर्ण जीतने के लिए संभावित 40 में से 37 का स्कोर दर्ज किया। दक्षिण कोरिया के मिंसु किम ने रजत पदक जीता, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के बेन लेवेलिन ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम: अंजुम मौदगिल, सिफ्ट कौर सामरा और आशी चौकसे ने कांस्य पदक जीता।

**24.** टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर रॉबर्ट होवनिस्यान (आर्मेनिया) और रौनक साधवानी को हराकर 41वां विला डी बेनास्क इंटरनेशनल चेस ओपन खिताब **अरविंद चिथंबरम** ने जीता।

**नोट:** सात अन्य के साथ चिथंबरम, होवननिस्यान और साधवानी 10 राउंड में आठ अंक पर समापन किया। रौनक साधवानी अर्मेनियाई खिलाड़ी के बाद तीसरे स्थान पर रहे। चिथंबरम पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन भी हैं।

**25.** उज्बेकिस्तान के ताशकंद में एशियन यूथ एंड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में कुल 157 किग्रा (69 किग्रा + 88 किग्रा) उठाकर स्वर्ण पदक **हर्षदा गरुड़** ने जीता।

**नोट:** सौम्या दलवी ने युवा वर्ग के 45 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 49 किग्रा युवा वर्ग में, एल. धनुष ने 85 किग्रा के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

**26.** बेन स्टोक्स, **इंग्लैंड** ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, किस क्रिकेट टीम से संबंधित हैं।

**नोट:** उन्होंने आखिरी एकदिवसीय मैच डरहम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला। उनका एकदिवसीय पदार्पण 2011 में आयरलैंड के खिलाफ था, उन्होंने तीन शतकों सहित 2919 रन बनाए हैं और इस प्रारूप में 74 विकेट लिए हैं। उन्होंने 2019 में ICC के प्लेयर ऑफ द ईयर, 2020 में विजडन लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड का पुरस्कार जीता।

**27.** लेटन हेविट जिन्हें 2021 क्लास के एक भाग के रूप में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया, **ऑस्ट्रेलिया** से संबंधित है।

**नोट:** वह हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले ऑस्ट्रेलिया के 34वें खिलाड़ी हैं। उन्होंने 30 कैरियर एटीपी जीत के बीच 2001 यूएस ओपन और 2002 विंबलडन खिताब जीते हैं और 1999 तथा 2003 में दो डेविस कप चैंपियनशिप टीमों का हिस्सा थे। हेविट ने 2014 में न्यूपोर्ट में अपना आखिरी एटीपी खिताब जीता था। वह 80 सप्ताह तक दुनिया में नंबर 1 खिलाड़ी बने रहे और शीर्ष क्रम में रहे।

**28.** अनीश भानवाला, विजयवीर सिद्धू और समीर की टीम ने दक्षिण कोरिया के चांगवॉन में आयोजित ISSF विश्व कप 2022 की **25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल** श्रेणी में रजत पदक जीता।

**नोट:** इस पदक सहित पांच स्वर्ण, छह रजत तथा चार कांस्य के साथ भारत ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान कायम रखा। दक्षिण कोरिया ने चार स्वर्ण, पांच रजत तथा तीन कांस्य पदक के साथ समापन किया। यह दूसरी बार है, जब भारतीय निशानेबाजों ने ISSF विश्व कप पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**29.** 2022 विश्व चैंपियनशिप, यूजीन, ओरेगन में भाला फेंक प्रतिस्पर्धा के फाइनल में 88.13 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक **नीरज चोपड़ा** ने जीता।

**नोट:** वह पदक जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय तथा पहले पुरुष ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने। एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा) ने 90.54 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता, जबकि जैकब वाडलेज (चेक गणराज्य) ने 88.09 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। प्रसिद्ध लंबी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज 2003 में पेरिस में कांस्य जीतने वाली पहली भारतीय थीं।

**30.** गत दो बार के चैंपियन स्लोवेनिया के टाडेज पोगाकर को तीन मिनट और 34 सेकंड से हराकर अपना पहला टूर डी फ्रांस खिताब **जोनस विंगगार्ड (डेनमार्क)** ने जीता।

**नोट:** पिछले वर्ष, पोगाकर के बाद विंगगार्ड दूसरे स्थान पर रहे थे। टूर डी फ्रांस एक प्रतिष्ठित मल्टीस्टेज बाइक रेस है, जो हर वर्ष फ्रांस में आयोजित की जाती है। रेस, जिसे ले टूर या ला ग्रांडे बाउल के नाम से भी जाना जाता है, में 2022 में 21 चरण थे और यह 3,328 किमी तक चली थी।

**31.** महिला क्रिकेटर, **करुणा** ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

**नोट:** उन्होंने पांच टेस्ट मैच खेले, उन्होंने नवंबर 2005 में दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने के बाद से 195 रन बनाए और 40 उनका उच्चतम स्कोर था। अगस्त 2014 में, उसने वर्म्सले में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने 44 एकदिवसीय मैच भी खेले और एकमात्र शतक एवं नौ अर्द्धशतक के साथ कुल 987 रन बनाए जिसमें 103 उनका उच्चतम स्कोर था।

**32.** 2022 फ्रेंच ग्रैंड प्रिक्स खिताब **मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल)** ने जीता।

**नोट:** जबकि, सात बार के चैंपियन, लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज) अपनी 300वीं ग्रैंड प्रिक्स में दूसरे स्थान पर रहे। जॉर्ज रसेल (मर्सिडीज) 2022 फ्रेंच ग्रैंड प्रिक्स में तीसरे स्थान पर रहे। रेड बुल्स के सर्जियो पेरेज़ और फेरारी के कार्लोस सैन्ज़ जूनियर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

**33.** **भारत** 2025 ICC महिला ODI विश्व कप की मेजबानी करेगा।

**नोट:** 2024 महिला T20 विश्व कप प्रतियोगिता की मेजबानी बांग्लादेश करेगा, जबकि 2026 संस्करण इंग्लैंड में आयोजित किया जाएगा। श्रीलंका ने 2027 महिला T20 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के अधिकार हासिल किए हैं।

**34.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा आयोजित सभी अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट मैचों के शीर्षक प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) के रूप में **मास्टरकार्ड** कंपनी पेटीएम को प्रतिस्थापित करेगी।

**नोट:** बोर्ड ने शीर्षक अधिकारों (टाइटल राइट्स) को पुन:समनुदेशित करने की पेटीएम की याचिका को स्वीकार कर लिया है। 2015 से, पेटीएम BCCI का टाइटल स्पॉन्सर रहा है और उसने अगस्त 2019 में अनुबंध को नवीकृत किया। पेटीएम और BCCI के बीच मौजूदा समझौता सितंबर 2019 से 31 मार्च 2023 तक का है।

**35.** बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक **पी.वी. सिंधु (बैडमिंटन खिलाड़ी) और मनप्रीत सिंह (भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान)** नामित किया गया।

**नोट:** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मनप्रीत सिंह के नेतृत्व में टोक्यो ओलंपिक (2021) में कांस्य पदक जीता। भारतीय खेल प्राधिकरण ने टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने के लिए एक नया अभियान "क्रिएट फॉर इंडिया" भी शुरू किया।

**36.** **कंबोडिया और उज्बेकिस्तान (एशिया), और कोटे डी आइवर (अफ्रीका)** तीन देश जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की सदस्यता का दर्जा प्राप्त हुआ।

**नोट:** उनके शामिल होने के साथ, ICC के सदस्यों की कुल संख्या 108 देश हो गई जिसमें 96 सहयोगी शामिल हैं। एशियाई देशों की कुल संख्या 25 तक पहुंच गई जबकि कोटे डी आइवर अफ्रीका से 21वां देश है।

37. जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम, चेन्नई, तमिलनाडु में FIDE चेस ओलंपियाड का **44वां** संस्करण आयोजित हुआ।

    **नोट:** समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, पांच बार के शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद और कई अन्य लोग शामिल हुए। इस प्रतियोगिता की मेजबानी भारत में पहली बार तथा एशिया में 30 वर्ष बाद की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 187 देशों की कुल 343 टीमें भाग ले रही हैं। चेस ओलंपियाड का शुभंकर: 'थंबी' (शतरंज का घोड़ा); गान: वणक्कम चेन्नई

38. पुरुषों के 55 किग्रा भारोत्तोलन में रजत पदक **संकेत महादेव सरगर** ने जीता है, जो बर्मिंघम में आयोजित 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक है।

    **नोट:** उन्होंने कुल 248 किग्रा (113+135) वजन उठाया। मलेशिया के बिन कसदन मोहम्मद अनीक ने कुल 249 किग्रा (107+142) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की दिलंका इसुरु कुमारा योदगे ने कुल 225 किग्रा (105+120) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

39. **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL)** ने भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के साथ साझेदारी की, जिसके तहत पेरिस ओलंपिक 2024 में पहली बार इंडिया हाउस की स्थापना की जाएगी।

    **नोट:** उद्देश्य: भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन को बुलंद करना, राष्ट्रीय खेल संघों की सहायता करना और भारत की साख बनाना। यह साझेदारी राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और ओलंपिक खेलों सहित प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारतीय एथलीटों का समर्थन करेगी।

40. वह भारतीय महिला भारोत्तोलक **साइखोम मीराबाई चानू** ने बर्मिंघम 2022 CWG में महिलाओं की 49 किग्रा स्पर्धा में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।

    **नोट:** उन्होंने स्नैच और क्लीन एंड जर्क श्रेणी में कुल 201 किग्रा वजन उठाया। बिंदयारानी देवी सोरोखाइबम (भारोत्तोलक) ने महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में भारत के लिए दूसरा रजत पदक जीता।

41. 2022 हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब **मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल)** ने जीता।

    **नोट:** उनके बाद लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज) और जॉर्ज रसेल (मर्सिडीज) रहे। इस खिताब के साथ, उन्होंने 2022 फॉर्मूला वन सीजन की अपनी आठवीं जीत और अपने करियर की 28वीं जीत दर्ज की।

42. गुस्ताव मैकॉन जो T20 विश्व कप 2024 क्वालीफायर में लगातार अंतर्राष्ट्रीय शतक बनाने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बने, **फ्रांस** से संबंधित हैं।

    **नोट:** उन्होंने यूरोप क्वालिफायर ग्रुप B मैच (युवा खिलाड़ी का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय मैच) में यह कारनामा किया। उन्होंने फिनलैंड के केरावा राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में नॉर्वे के खिलाफ रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ 53 गेंदों में 101 रन की अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के लगाए। इससे पहले, उन्होंने वांटा में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 61 गेंदों में 109 रनों की पारी खेली थी।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. वह पत्रकार लेखिका, जिसने संस्मरण माइंड मास्टर: विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैंपियन्स लाइफ -- **सुज़ैन निनान।**

   **नोट:** हैचेट इंडिया ने पांच बार के वर्ल्ड चेस चैंपियन विश्वनाथन आनंद के अत्यधिक प्रशंसित संस्मरण "माइंड मास्टर: विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैंपियन्स लाइफ" के पेपरबैक संस्करण की घोषणा की। इसे लेखक-पत्रकार सुज़ैन निनान के साथ आनंद ने लिखा है।

2. "शिनरिन योकू: द रिजुवनेटिंग प्रैक्टिस ऑफ फॉरेस्ट बाथिंग" पुस्तक के लेखक **हेक्टर गार्सिया और फ्रांसेस्क मिरालेस** है।
   **नोट:** 'शिनरिन योकू', जिसका अनुवाद 'वन स्नान' है, का तात्पर्य तनाव को दूर करने तथा अपनी ऊर्जा पुन: संगठित करने के लिए प्रकृति के बीच सजग होकर सैर करने से है। इस शब्द की रचना 1982 में जापानी कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन मंत्रालय द्वारा की गई थी।
3. "स्वाधीनता संग्राम ना 75 शूरवीरो" गुजराती पुस्तक का विमोचन **मीनाक्षी लेखी (केंद्रीय संस्कृति मंत्री)** ने किया।
   **नोट:** यह पुस्तक भारत के 75 स्वतंत्रता सेनानियों जैसे- ध्वज को बचाने वाले तमिलनाडु के तिरुपुर कुमारन आदि का एक पृष्ठ-लंबा सार है। यह देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में "स्वाधीनता का अमृत महोत्सव" का एक भाग है। पुस्तक का प्रकाशन अहमदाबाद, गुजरात में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन द्वारा किया गया।
4. "द मैकमोहन लाइन: ए सेंचुरी ऑफ डिसॉर्डर" पुस्तक के लेखक **जनरल जे.जे. सिंह (सेवानिवृत्त)** है।
   **नोट:** वह अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल तथा पूर्व थलसेनाध्यक्ष थे। पुस्तक भारत-चीन सीमा विवाद के अनुभवों तथा शोध पर आधारित है। पुस्तक ने मैकमोहन रेखा की राजनीति, इतिहास, संरचना और भूगोल पर जोर दिया था।
5. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विमोचित "बियॉन्ड द मिस्टी वेल", टैंपल टेल्स ऑफ उत्तराखंड, पुस्तक की लेखिका **आराधना जौहरी (वरिष्ठ IAS)।**
   **नोट:** यह पुस्तक देश-विदेश में उत्तराखंड के दिव्य मंदिरों के प्रामाणिक परिचय के रूप में जानी जाएगी। पूर्व IAS अधिकारी आराधना जौहरी ने पहले नैनीताल की जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया था।
6. भारत की नरम राष्ट्र क्षमताओं के विभिन्न पहलुओं पर निबंधों का संकलन 'कनेक्टिंग थ्रू कल्चर' **एस. जयशंकर (विदेश मंत्री)** ने विमोचित किया।
   **नोट:** मंत्री ने पुस्तक को कूटनीति में "गुड कॉप" के रूप में वर्णित किया। इसका उपयोग दूसरों को भारत के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया जा सकता है क्योंकि "यह भारत के प्रति सहूलियत उत्पन्न करता है।
7. प्रकाशन विभाग निदेशालय द्वारा प्रकाशित 'मूड्स, मोमेंट्स एंड मेमोरीज - फॉर्मर प्रेसीडेंट्स ऑफ इंडिया (1950-2017) ए विजुअल हिस्ट्री' का विमोचन **केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, अनुराग ठाकुर** ने किया।
   **नोट:** प्रकाशन विभाग निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, अनुराग ठाकुर द्वारा विमोचित अन्य दो पुस्तकें: (1) फसर्ट सिटीजन - पिक्टोरियल रिकॉर्ड ऑफ प्रेसीडेंट रामनाथ कोविंद; (2) इंटरप्रेटिंग ज्योमेट्रीज़ - फ्लोरिंग ऑफ राष्ट्रपति भवन

## विज्ञान एवं रक्षा

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने **तेलंगाना** राज्य में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) की भानुर इकाई में एक नए विनिर्माण केंद्र का उद्घाटन किया।
   **नोट:** इसमें समाविष्ट हैं: भानुर इकाई में वारहेड केंद्र; कंचनबाग इकाई में रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) सीकर केंद्र। RF सीकर केंद्र RF सीकर के उत्पादन तथा परीक्षण के लिए एक एकीकृत केंद्र है।
2. DRDO ने कर्नाटक के एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज से ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर की पहली सफल उड़ान संचालित की।
   **नोट:** यह एक छोटे टर्बोफैन इंजन द्वारा संचालित है। मानवरहित वायुयान को एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट द्वारा डिजाइन तथा विकसित किया गया है। विमान की प्रणाली जैसे एयरफ्रेम, अंडर कैरिज एवं पूरा फ्लाइट कंट्रोल और एवियोनिक्स सिस्टम स्वदेश में विकसित किए गए थे।

3. भारतीय नौसेना ने INS देगा, विशाखापत्तनम में वाइस एडमिरल, बिस्वजीत दासगुप्ता की उपस्थिति में **भारतीय नौसेना एयर स्क्वाड्रन 324** को कमीशन किया।
   **नोट:** यह ईस्टर्न सीबोर्ड पर पहली नौसेना स्क्वाड्रन है जो स्वदेशी रूप से डिजाइन तथा निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) MK III (MR) हेलीकॉप्टरों का संचालन कर रहा है। इसका नाम अच्छी संवेदी क्षमताओं वाले एक पक्षी 'केस्ट्रेल' के नाम पर है, जो एयरक्राफ्ट तथा एयर स्क्वाड्रन की परिकल्पित भूमिका का प्रतीक है।
4. रक्षा मंत्रालय ने निजी क्षेत्र के तीन बैंकों **HDFC बैंक लिमिटेड, ICICI बैंक और एक्सिस बैंक** को सैन्य हार्डवेयर की विदेशी खरीद के लिए वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दी।
   **नोट:** इससे पहले, केवल अधिकृत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को ही मंत्रालय को साख पत्र तथा DBT जारी करने जैसी सेवाएं प्रदान करने की अनुमति थी। समवर्ती आधार पर एक वर्ष के लिए, चयनित बैंकों को पूंजी तथा राजस्व प्रत्येक पक्ष में 2,000 करोड़ रुपये के LC व्यवसाय आवंटित किया जा सकता है।
5. स्वदेशी विमान वाहक पोत **विक्रांत** ने समुद्री परीक्षण के अपने चौथे चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया।
   **नोट:** विक्रांत में 76% स्वदेशी सामग्री है। विमान वाहक पोत का निर्माण 2009 में शुरू हुआ। विमान वाहक का स्वदेशी डिजाइन तथा निर्माण भारतीय नौसेना और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है।
6. चीन ने **पाकिस्तान** देश के साथ शंघाई तट से चार दिवसीय नौसैनिक अभ्यास 'सी गार्डियन -2' शुरू किया।
   **नोट:** इस अभ्यास में पाकिस्तान का सबसे उन्नत चीन निर्मित युद्धपोत शामिल है। तैमूर चीन द्वारा निर्मित चार शक्तिशाली टाइप 054A/P युद्धपोतों में से दूसरा है, जो पाकिस्तान की नौसेना को दिया गया था। विषय: jointly dealing with maritime security threats
7. रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने पहली बार 'AI इन डिफेंस' संगोष्ठी तथा प्रदर्शनी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित **75 रक्षा उत्पादों को लॉन्च किया।**
   **नोट:** इस प्रदर्शनी का आयोजन नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया था। उत्पादों में शामिल हैं: AI प्लेटफॉर्म ऑटोमेशन; स्वायत्त/मानवरहित/रोबोटिक्स प्रणाली; ब्लॉक श्रृंखला आधारित ऑटोमेशन; कमांड, कंट्रोल, कंप्यूटर और इंटेलिजेंस इत्यादि। ये उत्पाद रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के लिए व्यापार के नए मार्ग खोलेंगे।
8. **अग्निकुल कॉसमॉस** स्पेस-टेक स्टार्ट-अप कंपनी ने अपनी रॉकेट फैक्ट्री -1 खोली, जो 3D प्रिंटेड रॉकेट इंजन के लिए समर्पित भारत का पहला रॉकेट केंद्र है।
   **नोट:** IIT मद्रास रिसर्च पार्क में केंद्र का अनावरण टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन द्वारा किया गया, जिसमें इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ सम्मानित अतिथि थे। IIT मद्रास का इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप दिसंबर 2020 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी थी।
9. **सिनजेंटा इंडिया** ने IIT रोपड़ के सहयोग से जैव विविधता निगरानी प्रौद्योगिकी, जैव विविधता सेंसर प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की।
   **नोट:** सिनजेंटा ने भारत की पहली ड्रोन यात्रा भी शुरू की, जो 10,000 किसानों में ड्रोन से छिड़काव के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु 10,000 किमी का सफर तय करेगी। यह यात्रा 13 राज्यों से गुजरेगी और किसानों को प्रदर्शनी दिखाकर उन्हें ड्रोन के उपयोग पर शिक्षित करेगी। जैव विविधता सेंसर प्रोजेक्ट हेतु, सिनजेंटा इंडिया IIT रोपड़ एवं फ्रौनहोफर इंस्टीट्यूट के साथ काम कर रही है।
10. स्पेसएक्स कार्गो ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट जिसे कैनेडी स्पेस सेंटर के "लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39A" से लॉन्च किया गया **CRS-25।**
   **नोट:** स्पेसक्राफ्ट ने फाल्कन 9 से उड़ान भरी। CRS-25 को पहले जून 2022 में लॉन्च किया जाना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में हाइड्राज़िन के रिसाव के कारण इसमें

देरी हुई। हाइड्राज़िन: ड्रैगन के ड्रेको थ्रस्टर्स द्वारा उपयोग होती है और यह उन घटकों के लिए अत्यधिक संक्षारक है जो ईंधन के साथ अंत:क्रिया हेतु डिज़ाइन नहीं किए गए हैं। स्पेसएक्स की स्थापना 2002 में एलोन मस्क ने की थी।

11. दूनागिरी फ्रिगेट जिसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता में हुगली नदी में लॉन्च किया गया है, **प्रोजेक्ट 17A** श्रेणी का फ्रिगेट है।
    **नोट:** इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इसका नाम उत्तराखंड राज्य में एक पर्वत श्रृंखला 'दूनागिरी' के नाम पर रखा गया है। यह P17A फ्रिगेट्स (शिवालिक श्रेणी) का चौथा जहाज है जिसमें बेहतर स्टेल्थ सुविधाएं, उन्नत हथियार एवं सेंसर और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम हैं।

12. INS किलो-श्रेणी पनडुब्बी, **INS सिंधुध्वज** को भारतीय नौसेना द्वारा सेवामुक्त कर दिया गया है।
    **नोट:** इसे 1987 में रूस से अधिग्रहित किया गया। भारत ने 1986 तथा 1991 के बीच 877 EKM नामोदिष्ट पनडुब्बियों में से 8 का अधिग्रहण किया था और 1998 तथा 2000 के बीच अन्य दो का अधिग्रहण किया गया था। भारत के पास जर्मन मूल की चार टाइप 209 पनडुब्बियां और फ्रांसीसी मूल की स्कॉर्पीन श्रेणी की चार स्वदेश निर्मित पनडुब्बियां हैं। दो अन्य स्कॉर्पीन पनडुब्बियां 2023 के अंत तक भारतीय नौसेना को दी जाएंगी।

13. रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की पूंजी खरीद, रसद, सूची एवं संपत्ति रखरखाव के "प्रदर्शन तथा दक्षता" ऑडिट के लिए एक शीर्ष समिति का गठन किया है। इस समिति के प्रमुख **अजय कुमार, रक्षा सचिव** हैं।
    **नोट:** समिति रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मंत्रालय के कार्यों के विभिन्न पहलुओं में आंतरिक निरीक्षण एवं जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क को मजबूत करने में समग्र सुधार के उपायों पर सलाह देगी।

14. भारतीय नौसेना में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई चुनौती **'SPRINT चैलेंज'** है।
    **नोट:** इसका अनावरण एक नौसेना संगोष्ठी में किया गया, जिसका आयोजन नौसेना नवाचार एवं स्वदेशीकरण संगठन (NIIO) और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स द्वारा किया गया। SPRINT: सपोर्टिंग पोल-वॉल्टिंग इन R&D थ्रू iDEX (इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस), NIIO एंड TDAC (टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एक्सीलरेशन सेल)।

15. **चीन** ने अपने स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन में दूसरा अंतरिक्ष मॉड्यूल वेंटियन लैबोरेटरी मॉड्यूल (23-टन) सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
    **नोट:** इसे दक्षिणी हैनान द्वीप के वेनचांग स्पेस लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 5B पर लॉन्च किया गया। यह मॉड्यूल अन्य लैब मॉड्यूल के साथ अंतरिक्ष यात्रियों को अपने वैज्ञानिक प्रयोग करने में मदद करेगा। पहला अंतरिक्ष मॉड्यूल तियानहे था, जिसे अप्रैल 2021 में लॉन्च किया गया था और तीसरा मॉड्यूल, मेंगटियन, बहुत जल्द लॉन्च किया जाएगा।

16. 2024 के बाद रूस अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) से बाहर हो जाएगा।
    **नोट:** रूस और अमेरिका ने अंतरिक्ष स्टेशन पर कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है जो 1998 से कक्षा में है। ISS वर्तमान में पृथ्वी की निचली कक्षा में सबसे बड़ा मॉड्यूलर स्पेस स्टेशन है। पांच भागीदार अंतरिक्ष एजेंसियां: नासा (अमेरिका), रोस्कॉस्मोस (रूस), JAXA (जापान), ESA (यूरोप), और CSA (कनाडा)।

17. भारतीय नौसेना और **जापान** के मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच एक मैरीटाइम पार्टनरशिप एक्सरसाइज़ (MPX) आयोजित किया गया।
    **नोट:** INS सुकन्या (अपतटीय गश्ती पोत) और जेएस सेमीडेयर (मुरासेम श्रेणी डिस्ट्रॉयर) ने विभिन्न अभ्यास किए, जिसमें परिचालन संबंधी पारस्परिक क्रिया के एक भाग के रूप में नाविक क्रियाकलाप, विमान संचालन और सामरिक युद्धाभ्यास शामिल हैं। उद्देश्य: पारस्परिकता बढ़ाना तथा नाविक एवं संचार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना।

18. भारतीय वायु सेना द्वारा **मिग-21** फाइटर जेट (एक स्क्वाड्रन) को 2022 सितंबर तक सेवामुक्त किया जाएगा।

**नोट:** अन्य तीन स्क्वाड्रन को 2025 तक चरणबद्ध तरीके से सेवामुक्त किया जाएगा। पुराने मिग-21 की जगह नए लड़ाकू विमानों का प्रयोग होगा। वायु सेना को अपना पहला सिंगल इंजन वाला मिग-21 वर्ष 1963 में प्राप्त हुआ। इस विमान ने कई अभियानों जैसे सफेदसागर (कारगिल, 1999), फरवरी 2019 में पाकिस्तान में भारत का ऑपरेशन आदि में भाग लिया।

**--------------0--------------**

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card

byjusexamprep.com